26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 19 अगस्त, 2026

अंक- 295 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं माता-पिता

## उन्हें सम्मान और सुरक्षा देना सभ्य समाज की पहचान- सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज कहा कि सीनियर सिटीजन्स अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि बढ़ती उम्र का मतलब असुरक्षा या अपमान नहीं होना चाहिए। हर व्यक्ति को जीवनभर गरिमा के साथ जीने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को भी पलट दिया, जिसमें बेटे और बहू को मकान से बेदखल करने के ट्रिब्यूनल कोर्ट के आदेश को रद्द किया गया था। कोर्ट ने कहा कि बुजुर्गों की गरिमा के लिए ट्रिब्यूनल के पास बच्चों को संपत्ति से निकालने का आदेश देने का अधिकार है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि कानून का मकसद बुजुर्गों की गरिमा और सुरक्षा तय करना है। सभ्य समाज का स्तर अक्सर इस बात से तय होता है कि वह अपने बुजुर्गों को कितनी गरिमा, सम्मान और सुरक्षा देता है। यह मामला लखनऊ के विकास नगर निवासी रवि कांत गुप्ता की अपील से जुड़ा था। गुप्ता ने 5 जून 2022 को अपने बेटे को मकान से निकालने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के पास आवेदन दिया था।

# जौहर विश्वविद्यालय समेत कई ठिकानों पर ईडी की रेड

## सहारनपुर से लेकर दिल्ली तक छापेमारी

**लखनऊ/रामपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और महासचिव आजम खां तथा उनके ड्रीम प्रोजेक्ट मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय पर एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कस दिया है।

आज सुबह ईडी की टीमों ने रामपुर स्थित जौहर विश्वविद्यालय और मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से जुड़े परिसरों समेत उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और दिल्ली में करीब 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 17 के तहत की जा रही है। यह जांच जौहर ट्रस्ट और विश्वविद्यालय से जुड़े धन शोधन मामले में की जा रही है।



जांच का संबंध निजी ठेकेदारों के माध्यम से सरकारी ठेकों की धनराशि के दुरुपयोग और उसके बाद उस धन के इस्तेमाल से जुड़ा है। एजेंसी विश्वविद्यालय और ट्रस्ट की संपत्तियों के निर्माण से संबंधित वित्तीय लेनदेन की भी पड़ताल कर रही है। जांच में कुछ ठेकेदारों और ट्रस्ट के बीच वित्तीय लेनदेन सामने आने की बात कही गई है। आरोप है कि सरकारी ठेके हासिल करने वाले कुछ ठेकेदारों ने ट्रस्ट और विश्वविद्यालय को बड़े पैमाने पर दान, निर्माण कार्य और अन्य सुविधाओं के रूप में लाभ पहुंचाया।

ईडी की कार्रवाई का उद्देश्य इन लेनदेन से जुड़े वित्तीय रिकॉर्ड, दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य जुटाना तथा सरकारी धन के इस्तेमाल और उसके रास्ते का पता लगाना है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी के दौरान ईडी की टीम ने विश्वविद्यालय परिसर से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अभिलेख अपने कब्जे में लिए हैं। एजेंसी इससे पहले भी जौहर विश्वविद्यालय में कार्रवाई कर चुकी है।

**आवश्यकता है**

हेड मैकेनिक, एडवायजर, कॉलिंग के लिए लड़की की, वर्कशॉप के लिए। Chandak में Venus Car Spa एंड सर्विस, Chandak नियर बालाजी ट्रेडर्स

**संपर्क करे 9761890440**

Bosch service

# इमरान खान से बहन और पत्नी ने मुलाकात की



**इस्लामाबाद (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान से उनकी बहन नोरीन नियाजी और पत्नी बुशरा बीबी ने अडियाला जेल में मुलाकात की। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह मुलाकात हुई। नोरीन 9 महीने बाद इमरान से मिलीं। करीब 15 मिनट की मुलाकात में परिवार ने इमरान की सेहत के बारे में पूछा। उन्होंने उन्हें सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की जानकारी भी दी, जिसमें इमरान को इलाज के लिए शिफा इंटरनेशनल अस्पताल भेजने को कहा गया है। इमरान और पत्नी बुशरा बीबी की मुलाकात करीब 30 से 35 मिनट चली। मुलाकात के बाद नोरीन ने इमरान से मिलने की पुष्टि की, लेकिन कोर्ट के निर्देश के मुताबिक मीडिया से बात नहीं की। नोरीन अपनी बहनों अलीमा खान और उजमा खान के साथ अडियाला जेल के रास्ते में डहगल चेकपॉइंट पहुंची थीं। पुलिस ने तीनों को रोक लिया। बाद में सिर्फ नोरीन को इमरान से मिलने के लिए जेल जाने दिया। करीब 15 मिनट की मुलाकात के बाद नोरीन ने इमरान से मिलने की पुष्टि की। हालांकि, कोर्ट में दिए भरोसे के मुताबिक उन्होंने मीडिया से कोई बात नहीं की। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इमरान के परिवार से हर हफ्ते मुलाकात कराने का आदेश दिया था।






# सोने की अंडा देनी वाली मशीन बना अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

## सीएम के सीबीसीआईडी जांच के आदेश को भी निगल गया था अधिकारी

–एसपी अरोरा

**देहरादून ( चिंगारी )।** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सोने का अंडा देने वाली मशीन बन गया है। इस विभाग में अन्य विभागों से आने के लिए कई अधिकारी लाइन में लगे हुए हैं, जबकि दो अधिकारी इस विभाग में तैनाती पा चुके हैं। यह सब कार्य इस विभाग के मुखिया के द्वारा किया जा रहा है, जो अधिकारी इस विभाग में आए हैं वह उनके विश्वास पात्र हैं।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मुखिया के द्वारा अपने विभाग में एक ऐसे अधिकारी को तैनात कराया गया है जिसकी मुख्यमंत्री के द्वारा एसआईटी जांच की घोषणा की गई थी, लेकिन इस अधिकारी ने अपने रसूख से सीएम के द्वारा गठित की गई एसआईटी जांच को विभाग के जांच में तब्दील कर लिया था और विवाद की जांच में इस अधिकारी पर किसी तरह का कोई आरोप साबित नहीं हुआ, जिसका फायदा इस अधिकारी ने उठाया और यह अधिकारी सीएम के आदेश से भी ऊपर होकर अपनी जांच को प्रभावित करके अपने पक्ष में करके ले गया था।

शिक्षा विभाग में उपसचिव के पद पर तैनात रहे विभूति की शिकायत वर्ष 2025 में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पास पहुंची थी। पुष्कर धामी ने इस शिकायत पर सीबीसीआईडी की जांच करने के आदेश दिए थे, लेकिन अधिकारी ने अपने रसूख का उपयोग किया और पहले तो सीबीसीआईडी जांच को सीट की जांच में तब्दील कराया और उसके बाद इसी जांच को विभाजित जांच में बदलवा दिया। कुल मिलाकर उपसचिव को इन जांच में करीब–करीब क्लीन चिट जैसी मिल गई और उनके कारनामे में फाइलों में दफन होकर रह गए।

शासन ने अल्पसंख्यक कल्याण के निदेशक के पद पर लगभग पिछले दो महीने पहले एक अधिकारी को तैनात किया था, इसके बाद इस अधिकारी ने अपने चहेतों को लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी और इसी क्रम में शिक्षा विभाग से उपसचिव के तैनात अधिकारी को और संख्या विभाग में लाया गया और इसके अलावा एक अन्य अधिकारी को अन्य विभाग से लाया जा चुका है, जबकि महिला सशक्तिकरण विभाग से एक अन्य अधिकारी को लाने की तैयारी की जा रही है। अल्पसंख्यक विभाग में क्षेत्र अधिकारियों को तैनात कर करके मोटा माल निगलने की कूट रचना शुरू कर दी गई है। प्रदर्शनी में भी हेरा–फेरी अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा एक पांच दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गई थी। इस प्रदर्शनी के आयोजन में भी करोड़ों का हेर–फेर होने की संभावना बढ़ रही है, क्योंकि इस प्रदर्शनी में जिन ठेकेदार के द्वारा काम किया गया था, अब उनके भुगतान करने का समय आ गया है।

## नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत कार्यरत / संचालित दुकानात / व्यवसायों को नियन्त्रित एवं विनियमित करने के उद्देश्य से प्रभावी / प्रचलित उपविधियोंनुसार जनपद बिजनौर के समस्त विकास खण्डों दुकानात के लाइसेंस शुल्क वसूली ठेके को नीलामी के माध्यम से पत्रांक–1719/जि.पं./2026–27 दिनांक 25–03–2026 व पत्रांक–317/जि.पं./2026–27 दिनांक 18–06–2026 एवं पत्रांक–489/ जि.पं./2026–27 दिनांक 11–08–2026 के द्वारा आमन्त्रित किये गये थे। जिसमें जनपद बिजनौर के 11 विकास खण्डों में से 05 विकास खण्डों, मौ.पुर देवमल, हल्दौर, नहटौर, धामपुर व किरतपुर पर नियमानुसार बिड प्राप्त हुई है एवं शेष 06 विकास खण्ड बुढ़नपुर स्योहारा, अफजलगढ़, जलीलपुर, नजीबाबाद, कोतवाली व नूरपुर की कोई भी ई–ऑक्शन बिड प्राप्त नहीं हुई है। अतः पुनः शेष विकास खण्डों की नीलामी करने हेतु कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर में दिनांक 21–08–2026 को प्रातः 11.00 बजे नीलाम किया जायेगा। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति / ठेकेदार / संस्था इत्यादि को नीलामी की निम्नलिखित शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा। नीलामी के माध्यम से दिनांक 21–08–2026 को अगर नीलामी प्राप्त नहीं होती है तो पुनः शेष विकास खण्ड की नीलामी कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर में कार्यदिवस के प्रत्येक साप्ताहिक बुधवार को कार्यालय जिला पंचायत बिजनौर में नियत तिथि व समय पर की जायेगी। शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर।**

# युवा, पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का आह्वान

## आर्य समाज हीमपुर दीपा का वार्षिकोत्सव प्रारंभ



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** आर्य जगत के महान प्रचारक एवं प्रसिद्ध भजनोपदेशक महाशय कुलदीप विद्यार्थी ने कहा कि समाज में जहां बिगाड़ हो अगर वहीं से सुधार का प्रयास किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव में स्थित मंडी स्थल पर आयोजित आर्य समाज हीमपुर दीपा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर उन्होंने ओजस्वी प्रवचन करते हुए बताया कि जब बाहरी आक्रांताओं द्वारा धर्म परिवर्तन कराकर प्राचीन संस्कृति को मिटाने का कु प्रयास किया जा रहा था, तब स्वामी श्रद्धानंद जी महाराज ने इस मर्म को समझा और दिल्ली के चांदनी चौक पर पहुंचकर सीना तानकर खड़े हो गए, वहां हिंदू परिवारों की घर वापसी कराकर अंग्रेजों की बांटो और राज करो की नीति का भंडाफोड़ किया। इसी मानसिकता के चलते आज जाहरवीर को जाहर पीर पुकारा जाने लगा है। प्रसिद्ध भजनोपदेशिका छवि आर्या एवं महाशय घासीराम ने ओजस्वी और भावपूर्ण भजन प्रस्तुत कर धर्म देशभक्ति और संस्कारों के प्रति सभी को प्रेरित किया। वैदिक सत्संग में आर्य विद्वान एवं सपा विधायक स्वामी ओमवेश ने मार्ग निर्देशन करते हुए कहा कि आर्य समाज एकमात्र ऐसी संस्था है, जिसकी स्थापना महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा की गई थी। यह वेद ज्ञान को मानती है और समाज सुधार शिक्षा, संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण करने में सहयोग करती है। उन्होंने युवा पीढ़ी को शिक्षित और संस्कारवार बनाने तथा राष्ट्रीय पर्वों पर महर्षि दयानंद सरस्वती के चित्र लगाने का आह्वान किया। इससे पूर्व ग्राम पंचायत रतनपुर खुर्द की ग्राम प्रधान/ प्रशासक श्रीमती संगीता द्वारा विधिवत फीता काटकर सत्संग सभा का शुभारंभ किया गया। प्रातःकालीन सत्र में हवन /यज्ञ आदि धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मा. राजपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रधान सुबोध कुमार, डीलर कृष्णपाल आर्य, सुबोध कुमार गुप्ता, सुरेंद्र सिंह निंदना, आर्य वीर दल के चौधरी राजवीर सिंह, सुरजीत सिंह, नरेश चौधरी, भूपेंद्र सिंह, इंजीनियर विनोद कुमार आर्य, पूर्व चेयरमैन परशुराम सिंह आदि भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अध्यक्षता मा. शिवकुमार आर्य ने की तथा संचालन सुरजीत सिंह द्वारा किया गया।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

लगातार बारिश से नदी-नालों में आया उफान ( पेज 15 )



# अगले साल और बढ़ेगी महंगाई

## खाने-पीने की चीजें महंगी होंगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** 2027 तक भारत सहित दुनियाभर में खाने-पीने की चीजों के दाम काफी बढ़ सकते हैं। यह अलर्ट मल्टीनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज फर्म जेपी मॉर्गन ने जारी किया है। फर्म ने दावा किया है कि अलनीनो से मानसून कमजोर होने, ईरान-अमेरिका जंग से तेल की कीमतें बढ़ने और महंगी खाद के कारण खेती पर बुरा असर पड़ सकता है। रिपोर्ट में बताया गया कि साल 2027 की पहली छमाही में ग्लोबल स्तर पर खाने-पीने की चीजों के दाम 5 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। 2026 की पहली छमाही में यह आंकड़ा 2.8 प्रतिशत पर था। भारत के लिए यह चेतावनी इसलिए अधिक मायने रखती है, क्योंकि यहां की इकोनॉमी में खेती का बड़ा हिस्सा है। कम बारिश से फसलों की पैदावार कम हो सकती है। वहीं, जंग के चलते पहले ही महंगे फर्टिलाइजर के दाम और बढ़ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, महंगाई बढ़ने से भारत सरकार पर 3 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा।





## बिजनौर में 22 तक चलेगा नाड़ी प्रशिक्षण शिविर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आर्यनगर नई बस्ती श्रीराम हॉस्पिटल वाली गली बिजनौर में स्थित याना हैल्थ केयर ओपीडी क्लीनिक में आज नाड़ी परीक्षण शिविर शुरू हुआ, जो 22 अगस्त तक चलेगा। डा. नीरज सुंधाशु ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक आयुर्वेद के जाने-माने विशेषज्ञ और अनुभवी नाड़ी वैद्य जिन्हें 30 वर्षों का लम्बा अनुभव है, नाड़ी परीक्षण कर रोगियों का उपचार करेंगे। उन्होंने बताया कि नाड़ी परीक्षण कराने के लिये खाली पेट आयें और नाड़ी परीक्षण की पारम्परिक आयुर्वेदिक पद्धति के जरिये अपनी सेहत को समझने का अवसर प्राप्त करें।

## पिंजरे में फंसी मादा गुलदार

**नगीना ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम शहालीपुर में वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में एक मादा गुलदार कैद हो गई। गुलदार के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। वन रेंजर प्रदीप शर्मा व वन दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम शहालीपुर में ग्रामीणों द्वारा गुलदार की गांव में दस्तक होने की सूचना दिए जाने के बाद बीते पांच अगस्त को किसान सोनू के गन्ने के खेत में वन विभाग द्वारा एक पिंजरा लगा दिया गया था। उन्हें बताया कि मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने सूचना दी की पिंजरे में एक गुलदार कैद हो गया है। सूचना मिलने के बाद वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो पिंजरे में कैद हुई मादा गुलदार की उम्र लगभग दो वर्ष प्रतीत हो रही है। उन्होंने बताया कि गुलदार को लालच देने के लिए पिंजरे में मुर्गा रखा गया था। उन्होंने बताया कि पकड़ी गई मादा गुलदार को फिलहाल कृषि अनुसंधान केंद्र पर रखा गया है।




## सूचना

मेरी पत्नी मुन्तयाजा व मेरे पुत्र मो. जुबैर, मो. जुनैद, मो. अनस, मो. सुहेल, मो. उवैश, मो. जैद मेरे कहने से बाहर हो गये हैं। अत: मैं उक्त सभी से अपने संबंध विच्छेद कर रहा हूं। उक्त सभी को मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से भी बेदखल करता हूं। उक्त सभी के द्वारा किये गये कार्यों व लेनदेन के प्रति मैं जिम्मेदार नहीं रहूंगा। **-कारी मोबिन पुत्र श्री बाबू खां निवासी ग्राम गंज, परगना व थाना कोतवाली शहर, बिजनौर**

## सूचना

मैंने अपना नाम बदलकर ZAHIRUL ISLAM से ZAHEERUL ISLAM रख लिया है। अब मुझे ZAHEERUL ISLAM नाम से जाना व पहचाना जायेगा। -ZAHEERUL ISLAM S/O MOHAMMAD RAFI
ADD : Mohalla Chahshiri B-24, DIST : Bijnor, Uttar Pradesh- 246701




भली लगे या बुरी...

## ... उस भावना को पुनर्जीवित करें!

देश के पूर्व वित्त मंत्री मनमोहन सिंह व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव के समय शुरू की गई उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण-एलपीजी नीतियों को भाजपा तथा गठबंधन सरकारों ने भी पूरी तरह लागू किया। भले ही पुरानी पेंशन योजना को अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने समाप्त किया था, पर 2004 से 2014 तक चली कांग्रेस नीत संप्रग सरकार ने इसे लागू किया। हालांकि, बाद में चुनावी दृष्टिकोण से कांग्रेस, वामपंथी व अन्य राजनीतिक दलों को पुरानी पेंशन योजना के लाभ दिखाई दिए और कुछ विपक्ष शासित राज्यों में यह आज भी लागू है। लेकिन आउटसोर्सिंग व संविदा श्रमिकों की 'व्यवस्था' सभी राजनीतिक दलों ने अपनी सरकारों में लागू की। नीट परीक्षा का पेपर लीक होने के साथ झारखंड में पेपर लीक होने, पंजाब में पेपर लीक के आरोपों के साथ विभिन्न राज्यों व केन्द्र की ढांचागत परियोजनाओं में भ्रष्टाचार तथा 'लाइसेंस परमिट राज' समाप्त करने के नाम पर अवांछित तत्वों के तेजी से अमीर बनने की परिघटनायें इन प्रक्रियाओं का नतीजा हैं। हाल ही दिल्ली में काकरोच जनता पार्टी के आंदोलन से देश भर में नौजवानों में बेरोजगारी, दिशाहीनता और निराशा की स्थितियां उभर कर सभी राजनेताओं के सामने आई हैं। यह अवसर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तथा चुनावी लाभ के लिए इन स्थितियों का लाभ उठाने के बजाय स्वतंत्रता आंदोलन की वही भावना पुनर्जीवित करने का है जब देश की समस्याओं के प्रति व्यापक राजनीतिक सहमति या सर्वानुमति का विकास हुआ था। हमें वर्तमान स्थितियों में विज्ञान एवं तकनीक तथा खासकर एआई, रोबोटीकरण, मशीन लर्निंग, जैसी वैश्विक तकनीकों और उनके भारतीय नौजवानों पर पड़ने वाले प्रभावों पर भी गौर करना होगा। भारतीय उद्योग जगत का कहना है कि केवल 30 प्रतिशत स्नातक ही 'नौकरी योग्य' होते हैं। देश-दुनिया की वर्तमान स्थितियों में प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा से लेकर कला-साहित्य-इतिहास-राजनीति की शिक्षा के व्यापक परिदृश्य पर विचार करना होगा। इस कटु तथ्य को स्वीकार करना जरूरी है कि वर्तमान समय में विज्ञान और तकनीकी विषयों की तुलना में 'मानविकी' विषयों का महत्व घटा है और यह स्थिति पूरी दुनिया में है।

# तुलसी : आज अधिक प्रासंगिक



तुलसीदास भारतीय ज्ञान परम्परा के ऐसे चिंतक, समाज सुधारक और समन्वयकारी कवि हैं कि उन्हें किसी भी देशकाल की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता है। जिस समय भारत की भूमि पर विदेशी शासकों का शासन अपने पूर्ण उत्कर्ष था। भारतीय आचार-विचार, परम्पराओं को नष्ट किया जा रहा था। धार्मिक उन्माद मजहबी जिहाद के नाम पर अनेकानेक प्राणियों का रक्तपान कर फल-फूल रहा था, मंदिरों को तोड़कर शाही मस्जिदों का रूप दिया जा रहा था, तभी शासक दीन इलाही की धुनि में भोली-भाली जनता से मीना बाजार लगवा रहा था, आपसी फूट से सारा समाज त्रहिमाम-त्राहिमाम कर रहा था, एक-दूसरे के देवताओं को भला-बुरा कहने की होड़ लगी हुई थी, सारा समाज विघटित हो रहा था। उस समय जिन महापुरूषों ने देश को सन्मार्ग दिखाया, जाति-पाति के भेदभाव को मिटाया, जिनकी अमर वाणी ने निर्जीव धमनियों में उष्ण रक्त का संचार किया, प्रेम-भक्ति और एकता का संदेश सुनाकर भारतीय रीति-रिवाज और परम्पराओं को पुनर्जीवित किया, उन सबमें वंदनीय गोस्वामी तुलसीदास का स्थान सर्वोपरि है।

रामचरित मानस के माध्यम से तुलसीदास जी ने हमें एक ऐसे समाज के दर्शन कराये जिसका हर पात्र एक आदर्श है। राम जो भारतीय मानस के मन और मस्तिष्क पर अंकित हैं, वे भारत के ऐतिहासिक पुरूष पहले हैं। राम कथा के नायक बाद में। उनके अलौकिक गुणों ने उन्हें लोकप्रिय बनाया, उनकी आदर्श राजव्यवस्था ने रामराज्य के रूप में लोक प्रसिद्धि पाई। वे भगवान थे इस बात का महत्व भक्तों व योगियों के लिए तो हो सकता है, किन्तु पुरूषोत्तम राम के प्रति आदर्श व्यक्तित्व के प्रति श्रद्धानवत भारतीय अन्त:करण ने पूर्ण मानत्वत्व में पूर्ण ब्रह्मतत्व का दर्शन करने के सिद्धांत को अपनाकर ही जीवन में रामभक्ति को प्रतिष्ठित किया। राम एक आदर्श पुरूष हैं। रावण जैसे शक्तिशाली और दुराचारी को पराजित करने की शक्ति और सामर्थ्य उनमें विद्यमान है। वे आदर्श बेटे हैं, आदर्श पति हैं, आदर्श भाई हैं और आदर्श राजा हैं। तुलसीदास जी समाज के सामने एक ऐसा आदर्श रखना चाहते थे, जिससे समाज में आयी विसंगति निराशा, घुटन और हताशा को रामरूपी संबल मिल सके। जब हम आज अपने चारों ओर के समाज को देखते हैं तो क्या यह अहसास नहीं होता कि हमारा समाज भी तुलसी के समय के समाज को ही प्रतिबिंबित कर रहा है और आज हमें भी ऐसे ही आदर्श की बहुत आवश्यकता है, जो समाज को जोड़ सके। उसमें फैली विषमताओं को दूर कर सके, लोगों में सामन्जस्य स्थापित कर सके।



**-प्रोफेसर ( डॉ. ) शशिप्रभा**
**हिंदी विभाग अध्यक्ष, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर**

# आपदा प्रबंधन नहीं, आपदा से पहले प्रबंधन हो!

**-डॉ. शैलेश शुक्ला**

भारत में हर चार महीने में मौसम बदलता है। गर्मी आती है, फिर बारिश और उसके बाद सर्दी। यह कोई नई बात नहीं है। सदियों से लोग मौसम के इन बदलावों के साथ जीवन जीते आए हैं। लेकिन आज सवाल यह है कि विज्ञान और तकनीक के इस दौर में भी हर मौसम जनता के लिए परेशानी और खतरे का कारण क्यों बन जाता है? गर्मी आते ही पानी की कमी, बिजली की परेशानी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। बारिश आते ही सड़कों पर पानी भर जाता है, नालियां बंद हो जाती हैं और कई जगह घरों तथा दुकानों में पानी घुस जाता है। सर्दी आते ही गरीब, बेघर और खुले में काम करने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ जाती हैं। सबसे दुखद बात यह है कि इनमें से बहुत-सी परेशानियां अचानक नहीं आतीं। प्रशासन को इनके आने का अनुमान पहले से होता है, फिर भी तैयारी अक्सर समय पर नहीं होती। मौसम की मार को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता। तेज गर्मी, भारी बारिश, शीतलहर या बाढ़ प्रकृति का हिस्सा हैं। लेकिन इनसे होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। यही प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि किसी क्षेत्र में हर साल गर्मी में पानी की समस्या होती है, तो गर्मी शुरू होने से पहले वहां पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। यदि किसी सड़क पर हर वर्ष बारिश में पानी भरता है, तो बारिश से पहले उसकी जल निकासी की समस्या दूर होनी चाहिए। यदि किसी इलाके में सर्दी के दौरान बड़ी संख्या में गरीब और बेघर लोग खुले में रहते हैं, तो ठंड शुरू होने से पहले उनके लिए सुरक्षित स्थान तैयार होने चाहिए, लेकिन अक्सर इसके उलट होता है। समस्या पहले आती है और तैयारी बाद में शुरू होती है।



भारत में मौसम की जानकारी देने वाली संस्थाएं लगातार पूर्वानुमान जारी करती हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग गर्मी, भारी बारिश, शीतलहर और अन्य मौसम संबंधी खतरों की चेतावनी देता है। इसके बावजूद केवल चेतावनी जारी कर देना पर्याप्त नहीं है। चेतावनी का असली महत्व तब है जब प्रशासन उस सूचना के आधार पर समय रहते काम शुरू करे। यदि मौसम विभाग कहता है कि अगले कुछ दिनों में अत्यधिक गर्मी पड़ सकती है, तो उसी समय अस्पतालों, पानी की व्यवस्था और सार्वजनिक स्थानों की तैयारी शुरू हो जानी चाहिए। यदि भारी बारिश का अनुमान है, तो नालियों की सफाई, जल निकासी, पंप और बचाव दल पहले से तैयार होने चाहिए। यदि शीतलहर की संभावना है, तो रैन बसेरों और गरीबों के लिए जरूरी सामान की व्यवस्था पहले से होनी चाहिए। गर्मी के मौसम को ही लें। गर्मी बढ़ने के बाद प्रशासन अक्सर लोगों से पानी पीने, धूप से बचने और दोपहर में बाहर न निकलने की सलाह देता है। यह सलाह जरूरी है, लेकिन केवल सलाह से समस्या हल नहीं होती। उन लोगों के बारे में भी सोचना होगा जो रोज कमाने के लिए धूप में काम करने को मजबूर हैं। निर्माण मजदूर, सड़क कर्मचारी, रिक्शा चालक, ठेला लगाने वाले, डिलीवरी कर्मचारी और खेतों में काम करने वाले लोगों के लिए घर में रहना संभव नहीं होता। ऐसे लोगों के लिए काम के समय में उचित बदलाव, पीने के पानी, छाया और प्राथमिक स्वास्थ्य सहायता की व्यवस्था पहले से होनी चाहिए।

# हरिद्वार में गंगा का जलस्तर चेतावनी निशान पार

## खतरे के निशान से महज 50 सेंटीमीटर नीचे बह रही गंगा

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश के चलते हरिद्वार में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा का जलस्तर चेतावनी के निशान को पार कर चुका है और अब यह खतरे के निशान से महज 50 सेंटीमीटर नीचे बह रही है। जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने प्रशासन और सिंचाई विभाग की चिंता बढ़ा दी है।

सिंचाई विभाग के एसडीओ भरत भूषण शर्मा के अनुसार, पिछले 24 घंटों से पहाड़ी क्षेत्रों के साथ-साथ हरिद्वार में भी लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते गंगा के जलस्तर में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्तमान में हरिद्वार में गंगा का जलस्तर



293.50 मीटर तक पहुंच गया है, जबकि खतरे का निशान 294 मीटर निर्धारित है। उन्होंने बताया कि भीमगोडा बैराज से करीब 1.60 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए विभाग स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ऊपर की ओर स्थित जलस्तर मापक स्टेशनों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार गंगा के जलस्तर में अभी और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

### खतरे के निशान के करीब पहुंची गंगा

गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के बेहद करीब पहुंचने के कारण नदी किनारे रहने वाले लोगों और निचले इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। प्रशासन और सिंचाई विभाग द्वारा जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले घंटों में बारिश और ऊपरी क्षेत्रों से आने वाले पानी के आधार पर स्थिति में बदलाव हो सकता है। वर्तमान स्थिति में गंगा खतरे के निशान से सिर्फ 50 सेंटी मीटर नीचे है। ऐसे में जलस्तर में मामूली वृद्धि भी नदी को खतरे के निशान के करीब ले जा सकती है। प्रशासन की ओर से नदी के आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाए जाने की संभावना है।

### लोगों से सतर्क रहने की अपील

लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी के किनारे जाने और तेज बहाव वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से प्रवेश करने से बचने की जरूरत है। अधिकारियों ने लोगों से मौसम और जलस्तर की स्थिति पर नजर रखने तथा प्रशासन की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। बारिश का दौर जारी रहने और ऊपरी क्षेत्रों से पानी की आवक बढ़ने की स्थिति में गंगा का जलस्तर और बढ़ सकता है।

## बैरियर पर चैकिंग के दौरान भागा बदमाश पैर में लगी गोली



**देहरादून ( चिंगारी )।** बसंत विहार थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। हरबंसवाला बैरियर पर सघन चैकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की स्कूटी सवार को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, लेकिन चालक चैकिंग प्वाइंट पर नहीं रुका और टी-स्टेट की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। पुलिस के अनुसार पीछा करने के दौरान बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। मुठभेड़ के दौरान स्कूटी सवार बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके के लिए रवाना हुए। घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए प्रेमनगर चिकित्सालय भेजा गया, जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रैफर किया गया। पुलिस के अनुसार मुठभेड़ में घायल बदमाश की पहचान आकाश उर्फ तमंचा पुत्र जगदीश लाल, निवासी शिवाजी एनक्लेव, जैन प्लॉट, थाना रायपुर, देहरादून, उम्र 27 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस का दावा है कि आकाश 14 अगस्त 2026 को बसंत विहार क्षेत्र में वृद्ध महिला के साथ हुई चैन स्नैचिंग की घटना का आरोपी है। इस मामले में बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बताया कि घायल बदमाश के कब्जे से चेन स्नैचिंग की घटना में लूटी गई चेन भी बरामद की गई है।



# डीएसएम क्लब ने धूमधाम से तीजोत्सव मनाया नेहा अग्रवाल को तीज क्वीन का ताज पहनाया



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के डी एस एम क्लब के तत्वावधान में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन मिल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा की पत्नी के नेतृत्व एवं दिशा निर्देशन में किया गया।

महोत्सव में मिल के अधिकारीगणों एवं कर्मचारियों की पत्नियों ने पारंपरिक वेशभूषा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में गीत, संगीत, झूले, मेहंदी एवं तीज क्वीन प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहीं। कार्यक्रम में अभय शर्मा की माता बीना शर्मा, आशीष शर्मा की माता सुधा शर्मा एवं शालिनी शर्मा पत्नी मोहित शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। निर्णायक मंडल की अध्यक्षता पारुल शर्मा, मोना अग्रवाल, मीनाक्षी राना, रेनू सिंह के द्वारा की गई। मूल्यांकन के पश्चात नेहा अग्रवाल को तीज क्वीन 2026 के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर मोना शर्मा ने सारे कार्यक्रम को बहुत ही अच्छे ढंग से ऑर्गेनाइज किया एवं उनके साथ एंकर के रूप में सौजन्या एवं शिवा यादव ने उनका साथ दिया। महोत्सव में मिसेज ब्यूटीफुल का पुरस्कार सपना शर्मा, सिंपल एंड शोवर के लिए शिखा राठौर, डांस कंपटीशन में प्रथम पुरस्कार अर्पिता, द्वितीय पुरस्कार नाजिया, बेस्ट हेयर स्टाइल एवं ग्रीन पुरस्कार के लिए श्वेता, सिंगिंग कंपटीशन में प्रथम पुरस्कार सोनी, द्वितीय पुरस्कार वर्षा, समयबद्धता पुरस्कार के लिए प्रथम पुरस्कार श्रीमती विमलेश द्वितीय पुरस्कार वर्षा, कपल गेम के लिए सुरेंद्र सिंह, अनुज मलिक एवं धीरज सक्सेना को दिया गया। डीएसएम क्लब की ओर से आशीष शर्मा द्वारा तीज के लिए शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन मोना शर्मा, विजय कुमार गुप्ता, विकास अग्रवाल, विवेक सिंह यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# पावन माटी कलश यात्रा का धामपुर में हुआ भव्य स्वागत



डॉक्टर दीप सौरभ सिंह कलश लेकर चलते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सह संयोजक डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की 650वी जयंती के उपलक्ष्य में समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत अलग अलग राज्यों में गुरू रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर (वाराणसी) से पावन मिट्टी के 131 कलश भरकर सुसज्जित रथों के साथ अलग-अलग जिला व गांव-गांव चल रही हैं।


उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में 98 रथों पर यह कलश यात्रा चल रही है। धामपुर विधान सभा क्षेत्र में धामपुर मंडल में यात्रा रथ पहुंचने पर उसका धूमधाम से स्वागत हुआ। यह यात्रा क्षेत्र के गुरू रविदास जी के मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ प्रसाद वितरण करती हुई भव्य तरीके से निकली। यात्रा में पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष फूल सिंह चौधरी, नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, राजू गुप्ता, महेंद्र धनोरिया, गोपाल सिंह, मयंक कुमार, शेखर अग्रवाल, चंद्रशेखर, बृजेश कुमार, नागेश्वर दयाल, गहलौत, रेनू चौहान, हरिओम शर्मा, बीना रानी, रेखा रानी, शेर सिंह, जिला मंत्री मिथलेश देवी आदि शामिल रहे।

# 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम में कवियों एवं शायरों ने बिखेरी देशप्रेम की छटा

**धामपुर ( चिंगारी )।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरएमके भारत द्वारा देश के वीर शहीदों को समर्पित 'एक शाम शहीदों के नाम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से शहीदों को नमन करते हुए दर्शकों में देशप्रेम की भावना जागृत कर दी। कार्यक्रम के संयोजक इरशाद धामपुरी, रोमियो मयूर, सरदार मंजीत सिंह सलूजा एवं गुरदीप सिंह चावला रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पंकज भारद्वाज, नईमूल हसन पूर्व विधायक, संजय जैन नगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल (रजिस्टर्ड), एसपी सलूजा पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष, हैदर अली आढती वरिष्ठ सपा नेता, योगेश रस्तोगी उर्फ बाबू भैया वरिष्ठ समाजसेवी, जावेद रहमान शम्सी मुरादाबाद मंडल प्रभारी, इफ्तिखार हसन, आदित्य चौहान पूर्व प्रधान जैतरा, नवीन गुप्ता मौजूद रहे।

कार्यक्रम में नसीम धामपुरी, वीरेंद्र बेताब, मास्टर जुबेर मनकुआ, नफीस मंजर सहित अन्य कवियों और शायरों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं एवं शायरी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक सद्भाव पैदा होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में हरीश, शादाब खान, खुर्शीद मंसूरी, राशिद हुसैन, शाकिर अंसारी, कपिल तुली, असलम, प्रदीप का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शिव महापुराण श्रवण से मिट जाते सारे दोष



कथा करते हुए कैलाशानंद जी

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर की टीचर्स कॉलोनी स्थित श्री सत्य धाम धर्मशाला मे चल रहे आठ दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दूसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य पंडित कैलाश दास महाराज ने बताया कि शिव महापुराण कथा श्रवण करने मात्र से पितृ दोष, देव दोष शरीर का रोग और घर का क्लेश अपने आप ही समाप्त हो जाते हैं। कथा के दौरान हरिद्वार से पधारे स्वामी बबलू गिरि महाराज तथा नगीना निवासी मोहित कुमार द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कथा का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया जिसके मुख्य यजमान बालक राम धीमान तथा उनकी धर्मपत्नी सुनीता देवी धीमान रहे। पूजन कार्यक्रम देव मंदिर के पुजारी आचार्य पंडित रविकांत वशिष्ठ ने मंत्रोच्चारण से संपादित करायी। कथा स्थल पर योगेंद्र कुमार शर्मा एडवोकेट के संरक्षण में श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है।

# बालिका विद्या मंदिर में मनाई गई गोस्वामी तुलसीदास जयंती



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज श्री रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती मनायी गयी। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने गोस्वामी तुलसीदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्पित किये। उन्होंने बताया कि किस प्रकार तुलसीदास जी के हृदय में प्रभु श्रीराम जी के प्रति स्नेह की पावन धारा गंगा की तरह प्रवाहित हुई। उन्होंने कहा कि तुलसीदास जी का जीवन चरित्र युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनका सत्य और धर्म का मार्ग न छोड़ने तथा आराध्य के प्रति अटूट निष्ठा व विनम्रता, साहित्य रचनाएं युवाओं को गहरी प्रेरणा देती है। इस अवसर पर विद्यालय की सभी आचार्या बहनों रेनू, अनीता, सरिता, पारुल, मेघना, अर्चना, प्रीति, दीपिका मधु, काजल ने भी छात्राओं को तुलसीदास के जीवन वृतांत से अवगत किया।

# पत्नी को गैर मर्द के साथ देखकर पति ने भरे बाजार में किया हंगामा

## नूरपुर से कर रहा था पत्नी का पीछा

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के व्यस्त मछली बाजार में उस समय अचानक हंगामे की स्थिति पैदा हो गई, जब नूरपुर निवासी एक युवक अपनी पत्नी का पीछा करते हुए धामपुर पहुंच गया। बाजार में पत्नी को एक अन्य युवक के साथ देखकर पति ने युवक पर उसकी पत्नी का प्रेमी होने का आरोप लगाते हुए विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते कहासुनी बढ़ गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि, पति को अपनी पत्नी के धामपुर आने की जानकारी हुई थी। इसके बाद वह उसका पीछा करते हुए मछली बाजार तक पहुंच गया। वहां पत्नी के साथ एक युवक को देखकर उसने आपत्ति जताई। पति का आरोप था कि, उसके साथ मौजूद युवक का उसकी पत्नी से प्रेम संबंध है। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद और हंगामा शुरू हो गया।



अचानक बाजार में हुए विवाद से आसपास के दुकानदार और राहगीर भी मौके पर पहुंच गए। भीड़ बढ़ने के कारण कुछ समय के लिए वहां अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। लोग अपने-अपने तरीके से मामले की जानकारी लेने लगे। मामला बढ़ता देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की भीड़ को हटाकर स्थिति को संभाला। पुलिस विवाद में शामिल पति-पत्नी और साथ मौजूद युवक को पूछताछ के लिए कोतवाली धामपुर ले गई। इसके बाद बाजार में स्थिति सामान्य हुई। मामले में पति द्वारा युवक को पत्नी का प्रेमी बताए जाने की बात सामने आई है, हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। घटना के बाद मछली बाजार में काफी देर तक यह मामला चर्चा का विषय बना रहा। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

# सुप्रीम कोर्ट के वकील ने रची थी अनिल सोती की हत्या की साजिश

## निशा ने काले रंग के नाड़े से गला घोंटा था





**बिजनौर (चिंगारी)। अनिल कुमार सोती की हत्या में सुप्रीम कोर्ट के वकील का हाथ निकला। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वकील ने 10 लाख की सुपारी देने की बात करके उनसे हत्या कराई। जैसा कि चिंगारी ने कल ही खबर दी थी कि अनिल सोती की हत्या के आरोपियों की पहचान निशा उर्फ अंजुम परवीन, अलीमुद्दीन, सुभाष और हिना के रूप में हुई है। इनके कब्जे से 28,240 रुपये और हत्या में प्रयुक्त बताया गया काला नाड़ा बरामद किया गया है।**

नूरपुर रोड पर सोतियों के बाग में अपनी कोठी में अकेले रहने वाले अनिल सोती 6 अगस्त को कोठी में मृत मिले थे। अनिल सोती के भांजे आलोक शर्मा ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर गौरव सोती, प्रॉपर्टी डीलर शैलेंद्र खन्ना, सुनील खन्ना और नावेद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस की तफ्तीश में निशा उर्फ अंजुम, अलीमुद्दीन, सुभाष, हिना और अधिवक्ता राजनारायण के नाम सामने आए।

पुलिस के अनुसार नूरपुर रोड स्थित बाग की 28 बीघा जमीन में अनिल कुमार सोती और उनका भतीजा गौरव सोती बराबर के हिस्सेदार थे। गौरव ने अपने हिस्से की जमीन बेचने के लिये प्रॉपर्टी डीलर शैलेंद्र खन्ना, सुनील खन्ना आदि से वकील राजनारायण के जरिये एग्रीमेंट किया था, लेकिन अनिल कुमार सोती के साथ गौरव का कानूनी बंटवारा (कुर्राबंदी) नहीं हुआ था। ऐसे में गौरव सोती ने वकील राजनारायण के जरिये कुर्राबंदी का केस कराया था। कुर्राबंदी में देरी की वजह से गौरव सोती ने वकील राजनारायण से नाराजगी जाहिर की थी तथा केस किसी और वकील को देने की बात कही थी।

पुलिस के मुताबिक केस के साथ-साथ जमीन की खरीद-फरोख्त में दो प्रतिशत कमीशन हाथ से खिसकता देख वकील राजनारायण ने अनिल सोती की हत्या कराने का षडयंत्र रचा और अपनी सहायक/मुंशी निशा उर्फ अंजुम परवीन को इसकी जिम्मेदारी सौंपी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी निशा, उसकी बहन हिना और भाई अलीमुद्दीन दिल्ली से टैक्सी से नूरपुर पहुंचे थे। इसके बाद टैम्पो में सवार होकर बिजनौर में अनिल कुमार सोती के बाग में पहुंचे। अपने गांव दरियापुर निवासी चौथे आरोपी सुभाष को भी उन्होंने मौके पर बुला लिया। इसके बाद चारों आरोपी अनिल सोती की कोठी पर पहुंचे और उनसे बातचीत की। वहां चाय-नाश्ता भी किया। इसके बाद हिना, अलीमुद्दीन और सुभाष घर के बाहर निगरानी करते रहे, जबकि निशा ने काले रंग के नाड़े से अनिल कुमार सोती का गला घोट दिया।

पुलिस के अनुसार निशा ने पूछताछ में बताया कि अधिवक्ता ने हत्या के लिए उसे 10 लाख रुपये देने की बात कही थी और 80 हजार रुपये पेशगी दिये थे। इसके बाद निशा ने अपने भाई अलीमुद्दीन, बहन हिना और परिचित सुभाष को रुपयों का लालच देकर योजना में शामिल किया।

### रेकी के बाद कोठी में दाखिल हुई निशा

**पुलिस का दावा है कि एक अगस्त को अलीमुद्दीन ने अनिल सोती की कोठी की रेकी की। छह अगस्त को निशा, अलीमुद्दीन और हिना टैक्सी से दिल्ली से बिजनौर पहुंचे और सुभाष को भी बुलाया गया। वारदात के बाद चारों नूरपुर पहुंचे और वहां से टैक्सी के जरिए दिल्ली चले गए। आरोपी वकील राजनारायण की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।**

### नामजद आरोपियों पर भी पुलिस की नजर

पुलिस ने मामले में नामजद गौरव सोती समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ भी साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई जारी रखी है। पुलिस का कहना है कि विवेचना में सामने आए तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनिल सोती को दुष्कर्म के मामले में फंसाने की भी साजिश की थी

**आरोपी अधिवक्ता राजनारायण ने अनिल कुमार सोती की हत्या से पहले उन्हें दुष्कर्म के मामले में फंसाने की साजिश की थी। इसके लिये राजनारायण ने अपनी सहायक निशा को लगाया था। साजिश के तहत निशा कई बार अनिल कुमार सोती से मिली थी। मगर अनिल कुमार सोती की उम्र ज्यादा होने से दुष्कर्म या अन्य किसी मामले में जेल भिजवाने की साजिश परवान नहीं चढ़ सकी। इसके बाद अनिल कुमार सोती की हत्या का ताना-बाना बुना गया और साजिश के तहत उनकी हत्या कर दी गई। आरोपियों ने अनिल कुमार सोती की कोठी के छह-सात चक्कर लगाये थे। कभी जमीन बिकवाने की बात की तो कभी खुद ही प्लॉट खरीदने की बात करके उनसे जान-पहचान बना ली थी।**

# पत्नी की हत्या में कोर्ट ने पति को आठ साल की सज़ा करी, ससुर व जेठ बरी



**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश कमलदीप ने विवाहिता की दहेज के लिए हत्या में शामिल पति शहजाद को आठ वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार देहरादून के पटेल नगर निवासी सलमा खातून पत्नी स्व. दिलशाद ने अपनी पुत्री निगहत परवीन का निकाह 11 अगस्त 2014 को शेरकोट के मोहल्ला कोटरा निवासी शहजाद पुत्र अब्दुल रब के साथ किया था। निगहत परवीन को उसके ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर प्रताड़ित करते थे। 10 अप्रैल 2018 को रात्रि करीब 9 बजे शहजाद ने अपनी सास सलमा को फोन कर के दो लाख रुपए की मांग की। सलमा विधवा होने के कारण पैसों का इंतजाम नहीं कर सकी। 11 अगस्त 2018 को फिर शहजाद ने सलमा को फोन करके पांच लाख रुपए मांगे। बाद में जब सलमा ने फोन किया तो निगहत परवीन के पति शहजाद ने फोन नहीं उठाया। सुबह को सलमा अपनी पुत्री निगहत परवीन की ससुराल पहुंची तो देखा कि निगहत परवीन मृत अवस्था में मिली। सलमा ने थाने में सलमा के पति शहजाद, ससुर अब्दुल रब, जेठ खुर्शीद और जेठ की लड़की निदा परवीन के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने इस मामले में विवेचना करने पर निदा परवीन के नाम को झूठा पाया, लेकिन निगहत परवीन के पति शहजाद और ससुर अब्दुल रब और जेठ खुर्शीद के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। इस मामले में प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश कमलदीप ने निगहत परवीन के पति शहजाद को दोष सिद्ध पाकर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 बी के तहत आठ वर्ष कठोर कारावास, धारा 498-ए के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत दो वर्ष कठोर कारावास और दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है, जबकि ससुर अब्दुल रब और जेठ खुर्शीद को बरी कर दिया।

### प्रबल हत्याकांड : मंगलवार को भी नहीं हुई सुनवाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद में प्रबल हत्याकांड में 13 व्यक्तियों को तलब करने वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अब यह सुनवाई 25 अगस्त को होगी। उल्लेखनीय है कि प्रबल अपहरण एवं हत्याकांड में पुलिस ने 13 व्यक्तियों के नाम अपनी विवेचना में निकाल दिए थे और संजय गुप्ता और विनय अग्रवाल सहित सात अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश डा. शहजाद अली ने सातों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। शेष व्यक्तियों को तलब करने के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका दायर कर रखी है, लेकिन पत्रावली अधिक नंबर पर होने के कारण कल भी सुनवाई नहीं हो सकी। अब इसमें सुनवाई हेतु 25 अगस्त तारीख नियत की गई है।

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP


APPLY FOR VACANCY
- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया धूमधाम से, चार चांद लगे सांस्कृतिक प्रोग्राम से

**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर सभी शिक्षण संस्थानों पर ध्वजारोहण किया गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में डॉ. धर्मेंद्र रस्तौगी ने किया ध्वजारोहण




डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार रस्तौगी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन विद्यालय के व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तौगी, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार रस्तौगी, प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह व पुष्पार्चन विद्यालय के सहव्यवस्थापक प्रभाकर रस्तौगी, अजय अग्रवाल, विनोद खन्ना, डा.पीयूष प्रकाश, बीना प्रकाश, मयूर वर्मा, दिवाकर, तारीफ, कनिष्क प्रकाश, ललित कुमार आदि अतिथियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भाषण, देशभक्ति गीत व भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम का संचालन हेमराज सिंह आचार्य व चिराग चौहान भैया ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस




जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में 80वां स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक रघुराज सिंह नागर, संरक्षक हाफिज हबीबुर्रहमान एवं स्वाति पाराशर के द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन विकास पंकज द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए। आर्या राजपूत, यशस्वी, प्रज्ञा, आकृति एवं रितिका ने सामूहिक रूप से ध्वज गीत प्रस्तुत कर वातावरण को देशभक्ति के भाव से भर दिया। समारोह को सफल बनाने में निशा राजपूत, नमिता अग्रवाल, स्वाति वर्मा, अपूर्व चौहान एवं विशाल चाहल का विशेष सहयोग रहा। वहीं जितेंद्र सिंह, ललित कुमार, अभिषेक शर्मा, चंचल सिंह, कु.पूजा, अभिनव सिंह सहित समस्त शिक्षकगण ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## कैप्टन एवीएस गहलौत स्कूल में बच्चों ने गाए देशभक्ति के गीत



कैप्टन एवीएस गहलौत पब्लिक स्कूल हल्दौर मुख्य अतिथि ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत, रविंद्र कुमार सिंह गहलौत, नवीन कुमार, सलील शर्मा व प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने स्वतंत्र समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ की, जिसके बाद राष्ट्रगान हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि तथा मैनेजमेंट कमेटी के मेंबर्स तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी द्वारा सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्र-छात्राओं ने सुंदर देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण, कविता और देशभक्ति की भावना से भर दिया। मुख्य अतिथि ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत ने छात्रों के आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की। अतिथियों ने विद्यालय के मेधावी छात्राओं तथा प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को मेडल व उपहार देकर पुरस्कृत किया।

## गहलौत कॉलेज में संस्थापक उमेशचंद गहलौत ने किया ध्वजारोहण

शिक्षण संस्था गहलौत कॉलेज में कॉलेज के संस्थापक उमेशचंद्र गहलौत द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. पंकज सिंह, प्रबंधक मानव मनोहर गहलौत, कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी दिवस

हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज में कॉलेज के निदेशक डॉ. अनुज कुमार चौहान व प्राचार्य डॉ. योगेंद्र त्यागी द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीत, भाषण, कविताएं प्रस्तुत कीं। निदेशक डॉ. अनुज कुमार चौहान ने देश की आजादी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सूर्य प्रताप सिंह, सरजीत सिंह, लक्ष्य कुमार आदि मौजूद रहे।

## आरएचएस इंटर कॉलेज में रही स्वतंत्रता दिवस की धूम

आरएचएस इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण सेवानिवृत्त शिक्षक धर्मेंद्र कुमार एवं कालेज के प्रधानाचार्य संजय कुमार सलिल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पवित्र कुमार, नीरज चौधरी, अवनीश कुमार सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम




एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष रवि राजपूत द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल, डा.संजीव कुमार बैस, अमित सिंह व तब्बसुम परवीन आदि मौजूद रहे। बच्चों ने देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिनकी सभी ने सराहना की।

## साईं इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

साईं इंटरनेशनल सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी व प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर ध्वजारोहण किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों द्वारा किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## मदरसा इशातुल उलूम में बच्चों ने गाए देशभक्ति के तराने

**हल्दौर (चिंगारी)।** मदरसा इस्लामिया अरबिया इशातुल उलूम हल्दौर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हाजी अनवार सिद्दीकी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बच्चों ने तिलावत नात, नजम व देशभक्ति के तराने गए। मोती मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौलाना मुहम्मद इरशाद ने बच्चों को देश की आजादी के बारे में बताया तथा उन्हें पुरस्कार देकर नवाजा भी किया। कार्यक्रम में मौलाना मौहम्मद सुहैब, कारी उसैब, कारी जुबैर, हाजी फैयाजुद्दीन अंसारी, डा.नफीस गाजी, अब्दुल खालिक, मौ.हासिम, हाजी नफीस अहमद, मौ. आबिद, मौ.नासिर आदि मौजूद रहे। आखिर में कारी मौहम्मद सुहैब नदवी की दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया। प्रोग्राम के बाद मदरसे के सभी बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर नगर भर में देशभक्ति के तराने गाते हुए रैली निकाली।

## सेंट मैरिज कॉन्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया गया याद




सेंट मैरिज कॉन्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन देशभक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। स्कूल प्रांगण में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर के प्रभारी डॉ. अरुण कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने मनमोहक देशभक्ति गीतों, नृत्यों, देशभक्ति नाटिकाओं और कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान हाल ही में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को मैनेजमेंट टीम और अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता केवल एक पर्व नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का अहसास है। इस अवसर पर सिस्टर फिलबी, सिस्टर क्लेरेट, सिस्टर प्रिशियस उपस्थित रहीं।

# सरकारी संस्थानों पर रही स्वतंत्रता दिवस की धूम




**हल्दौर (चिंगारी)।** सरकारी संस्थानों पर स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पालिका कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष श्रीमती विमला देवी व अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व सभासदगण उपस्थित रहे। ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख चौधरी विजेंद्र सिंह व बीडीओ सीपी पाण्डेय द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर चेयरमैन नरेश कुमार व सचिव मुकेश कुमार राठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व संचालक उपस्थित रहे। जिला ग्राम्य विकास संस्थान कार्यालय पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी सर्वेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शीतलराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मुस्लिम फंड बसी किरतपुर ब्रांच हल्दौर के कार्यालय पर ब्रांच मैनेजर रफाउल इस्लाम द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर कैशियर अंजार अहमद, जहीर आलम मोंटी, मौ.अमजद, दिलशाद मलिक आदि मौजूद रहे। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) पर निदेशक मनीष कुमार गौतम द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर विकास कुमार, संगीता रानी, कविता पाल व प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। बिजलीघर पर एसडीओ अभय कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी संदीप जोशी ने 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्राम पैजानिया में स्थित परमेंद्र फिलिंग स्टेशन पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर तसलीम, सरदार रविंदर सिंह, चौधरी अजयवीर सिंह, असलम मलिक आदि उपस्थित रहे। उधर नगर के समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता शादीलाल मारवाड़ी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मौ.हनीफ सलमानी, मिस्त्री राजेश कुमार आदि के साथ स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर के दुकानदारों को तिरंगा, टोपी व मिष्ठान वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई देकर उनमें देशभक्ति का और जज्बा व जोश भरा गया। उनके इस पुनीत कार्य की सभी नगरवासियों ने सराहना की।






## मीनाक्षी चौधरी बनीं एसडीपुरम की तीज क्वीन

**बिजनौर (चिंगारी)।** एसडीपुरम बिजनौर में तीज उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया, इसमें सावन गीत, संगीत व नृत्य आयोजित किए गए। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मीनाक्षी चौधरी को तीज क्वीन का ताज पहनाया गया और राजश्री सोती रनर अप रहीं। कार्यक्रम में मंजू सिंह, अपर्णा, राजरानी, वंदना, पूजा जैन, मीनाक्षी चौधरी, राजश्री सोती, तृप्ति, श्रद्धा, शुभि, सोनी, मधुबाला, अंशिका, सोनी, शीतल और महिलाओं द्वारा उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया गया।

## 20 को धरना देंगे बाढ़ पीड़ित किसान

**चांदपुर (चिंगारी)।** खादर क्षेत्र के किसानों ने बाढ़ की रोकथाम के लिए तटबंध बनाए जाने तथा जिन किसानों की बाढ़ से फसलों को नुक़सान पहुंचा है, उन किसानों को 20 हजार प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा दिये जाने की तथा अपनी मांगों को लेकर 20 अगस्त को पांडवनगर पुलिस चौकी के पास धरना देने का निर्णय लिया। उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिए गए ज्ञापन में बाढ़ पीड़ित किसानों का कर्जा पूरी तरह से माफ किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में रवेन्द्र त्यागी उर्फ कालू, सुभाष चौहान, उदय सिंह कश्यप, अनुज कुमार, सौरभ, अरविन्द कुमार, दुष्यंत कुमार, संजीव कुमार, राजवीर सिंह आदि शामिल थे।

## हल्दौर में निकली भव्य कलश यात्रा

**हल्दौर (चिंगारी)।** श्री सत्संग मंडल हल्दौर द्वारा नवीन मंडी समिति स्थल पर शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का सात दिवसीय प्रारंभ किया गया। कथा से पूर्व सुबह नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। स्थानीय शिव मंदिर धर्मशाला से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा का शुभारंभ संरक्षक रघुवीर शरण शर्मा, करन सिंह, रमेश सिंह, सुरेश कुमार, जितेंद्र शर्मा, सोमेश्वरदत्त शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिव मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल नवीन मंडी समिति पर जाकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में करीब 121 महिलाएं अपने सिर पर कलश रखकर कतरबंद तरीके से चल रही थीं, साथ ही कलश यात्रा में कथा वाचक श्री रामदास महाराज (वृंदावन) रथ पर विराजमान होकर भक्तों व नगरवासियों को अपना आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा में रमेश मुंशी, करन सिंह , मा. जितेंद्र शर्मा, प्रमोद चौहान, पुनीत शर्मा पुन्नी,डा. श्रीकांत वर्मा, सुरेश चौहान, ठा.योगेन्द्र सिंह, के.के.चंद्रा, संजय वशिष्ठ, आलोक रस्तौगी, रघुराज सिंह नागर, आशुतोष नागर, हरीश शर्मा, डॉ. प्रदीप दुबे, अरविंद महादेव, महिपाल सिंह, संजय मारवाड़ी, नीरज गोस्वामी, जगदीश शर्मा, रेखा यादव सहित हजारों श्रद्धालु शामिल रहे। कथा 18 अगस्त से आगामी 24 अगस्त तक प्रतिदिन अपराह्न 2:30 बजे से प्रभु इच्छा अनुसार तक चलेगी। कथा समाप्ति के उपरांत 25 अगस्त को यज्ञ व महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा।



## गहलौत कॉलेज के छात्र मोहित चौहान का सहायक लेखाकार के पद पर हुआ चयन



**हल्दौर (चिंगारी)।** गहलौत कॉलेज हल्दौर के प्रतिभावान छात्र मोहित चौहान को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा आयोजित सहायक लेखाकार एवं लेखा परीक्षक परीक्षा में (आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश) अंतिम रूप से चयनित होने पर कॉलेज प्रशासन व उनके अभिभावकों में हर्ष व्याप्त है। छात्र मोहित चौहान के कठिन परिश्रम, लगन और अटूट समर्पण ने आज उन्हें यह शानदार सफलता दिलाई है। मोहित ने अपने माता-पिता के साथ-साथ गहलौत कॉलेज, हल्दौर का नाम भी गर्व से ऊंचा किया है। जिस पर कॉलेज प्रबंध समिति व प्राचार्या सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बकरी पालन का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया गया



**हल्दौर (चिंगारी)।** पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हल्दौर द्वारा जनपद बिजनौर के बेरोजगार महिलाओं-पुरुषों को बकरी पालन का आरपीएल में बारह दिवसीय विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। संस्थान के निदेशक मनीष कुमार गौतम के द्वारा प्रेमलता, रिजवान मलिक, उस्मान अहमद, विपिन, रीता, ईश्वर सिंह, अक्षय, राजीव, मनोज कुमार त्यागी, नवनीत, मोनू राजपाल, अभिजीत आदि 20 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। ट्रेनिंग के दौरान सभी प्रतिभागियों को उद्यमी गुण, सामाजिक सुरक्षा, बीमा, पेंशन, मार्केट सर्वे, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बैंकिंग क्षेत्र की जानकारी दी गई। ट्रेनिंग में उन्हें बकरियों व पशुओं की विभिन्न बीमारियों व रख रखाव आदि के बारे में विस्तार से बताया। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें जिला बिजनौर के खतापुर गांव में बकरी पालन की यूनिट विजिट भी कराई गई, जिससे प्रतिभागियों को बकरों व बकरियों के रख रखाव, खानपान और व्यापार करने के तरीके से पूर्णतः अवगत कराया। बकरी पालन से वह अपनी आजीविका चलाकर व्यवसाय व बिक्री के रूप में भी प्रयोग करके आजीविका अर्जन कर सकते हैं। ट्रेनिंग के दौरान उन्हें सरकारी राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना के तहत बैंक से लोन लेकर सरकार द्वारा पचास प्रतिशत सब्सिडी भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी स्टाफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष बने वासित अली, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर चली



बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर कुंवर बासित अली को बिजनौर के भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के पूर्व जिला अध्यक्ष इरशाद अहमद सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है मेरठ निवासी कुंवर बासित के भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर फैल गई है इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चे के पूर्व जिला अध्यक्ष इरशाद अहमद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का दिल की गहराई से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि बासित अली पार्टी के सच्चे सिपाही है। कुंवर बासित अली मुस्लिम समाज को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने के लिए जी जान से मेहनत करते हैं। उन्होंने कहा कि हम एक बार फिर भारी बहुमत के साथ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएंगे।

## रेडियो संदेश ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज उत्सव, स्वाति वीरा बनीं 'तीज क्वीन'




**बिजनौर (चिंगारी)।** रेडियो संदेश 89.6 एफएम द्वारा हरियाली तीज का त्यौहार अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा शहर के कौने-कौने से आई सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति वीरा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. साक्षी गोयल, डॉ. मेधावी, श्रीमती वशिष्ठ तथा अरुणा गहलोत के स्वागत करने के साथ हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसमें सर्वप्रथम ग्रामीण क्षेत्र से आई लिपिका ने हरियाली तीज का सुरीला फिल्मी गीत सुनाकर और श्रीमती मानवी ने शानदार फिल्मी गीत पर डांस करके सभी का मन मोह लिया। वहीं, श्रीमती हरजिंदर कौर ने अपनी टीम के साथ पंजाबी गाने पर धमाकेदार डांस प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेडियो टीम के सदस्य सारिका चौधरी, डॉ. शबनम, मनोज यादव, ललित कुमार, श्यामल मंडल, डॉ. शुभम कुमार, प्रभाकर शर्मा आदि सभी का भरपूर योगदान रहा। अंत में रेडियो सचिव स्वाति वीरा एवं रेडियो संदेश हेड सुनील भारद्वाज ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बी.एससी. चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम



**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा घोषित बी.एससी. (जनरल) पी.सी.एम. विभाग चतुर्थ सेमेस्टर, सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणाम में कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज, बिजनौर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। परीक्षा परिणाम में निधि शर्मा ने प्रथम, गौरव ने द्वितीय तथा रजनी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा संस्थान के अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें उच्च शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर राजकुमार तथा प्राध्यापक एकता त्यागी, विजेंदर सिंह, पुनीत कुमार, हर्ष राजपूत, लेखराज सिंह, सिमरन भारद्वाज, विनीता देवी एवं मीडिया प्रभारी अनुज कुमार ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# दिशा की बैठक में सांसद चंद्रशेखर ने दिखाये तीखे तेवर

## कहा-कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे

**बिजनौर (चिंगारी)।** सांसद नगीना एडवोकेट चंद्रशेखर की अध्यक्षता में मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में जिले में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं वंचित लोगों तक प्राथमिकता के आधार पर पहुंचाया जाए और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। बैठक की सह-अध्यक्षता बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने की। चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, जिलाधिकारी जसजीत कौर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



### 15 दिन में शौचालय योजना का लाभ दिलाने के निर्देश

सांसद चंद्रशेखर ने जिला पंचायत राज अधिकारी को गांवों में शौचालय निर्माण की स्थिति की समीक्षा करने और पात्र एवं वंचित लोगों को अगले 15 दिनों में योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। नगर निकायों में सफाई कर्मचारियों के वेतन में एकरूपता सुनिश्चित करने को भी कहा। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने परिषदीय विद्यालयों के भवन, साफ-सफाई, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर रखने के निर्देश दिए।

### विद्युत तारों को तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश

विद्युत विभाग को ढीले तारों को तत्काल दुरुस्त कराने तथा घरों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइनों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। वन विभाग से गुलदार के हमलों में हुई मौतों और घायलों की स्थिति की जानकारी ली गई तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। पिछले पांच वर्षों में किसानों को दिए गए पट्टों की सूची भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

### बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाया जाये

बैठक की सह-अध्यक्षता कर रहे सांसद चंदन चौहान ने चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में संभावित बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसलों के नुकसान का आंकलन कर नियमानुसार मुआवजा दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की समय-समय पर अधिकारियों द्वारा स्वयं जांच करने को कहा। चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश ने चांदपुर-बास्टा मार्ग के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

### दिसंबर तक 500 तालाबों का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक जुलाई 2026 से लागू जीराम जी योजना के तहत जिले में 500 तालाबों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से 250 तालाबों पर कार्य शुरू हो चुका है। संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य दिसंबर तक पूरा कराने और मानव दिवस सृजन का लक्ष्य भी इसी अवधि में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक से पूर्व सांसद नगीना चंद्रशेखर ने विकास भवन परिसर में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** स्थानीय बीएसए इंटर कॉलेज, कादराबाद में विद्यार्थियों को नशे की बुरी लत से बचाने और उन्हें एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को आजीवन नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री ऋषिराम ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें नशा मुक्त एवं स्वस्थ जीवन यापन करने की प्रतिज्ञा करवाई।



इस महत्वपूर्ण और सराहनीय आयोजन में विद्यालय के एनसीसी अधिकारी मोहम्मद शाहनवाज और उपप्रधानाचार्य श्री अवतार की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में विद्यालय के सभी गुरुजनों ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया, जिनमें मुख्य रूप से श्री प्रदीप, श्री बृजेश कुमार मिश्र, श्री ललित कुमार और श्री हर्ष कुमार आदि का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

# एसडीएम ने लिया स्थिति का जायजा



**नांगल सोती (चिंगारी)।** उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों पर हुई भारी वर्षा के कारण बढ़े गंगा के जलस्तर के चलते नांगल, गौसपुर तथा लालपुर सोजीमल में पहुंचकर गंगा का जलस्तर देखा और ग्रामीणों से गंगा के किनारे न जाने का आह्वान किया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि वर्षा के बाद गंगा के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। हालांकि क्षेत्र के किसी भी गांव में खतरे की स्थिति नहीं है। ग्रामीणों से सुरक्षा की दृष्टि से गंगा के किनारे न जाने का आहवान किया गया है। नायब तहसीलदार अमित कुमार तथा भाजपा नेता वीरेन्द्र शर्मा भी मौजूद रहे।

# पेंशन तिरंगा यात्रा सफल बनाने का संकल्प



**नांगल सोती (चिंगारी)।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर 21 अगस्त को निकाली जाने वाली पेंशन तिरंगा यात्रा की सफलता को लेकर मंगलवार को स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में बैठक आयोजित की गयी। अटेवा के जिला मंत्री संजय कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों-कर्मचारियों से 21 अगस्त की पेंशन तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, प्रवक्ता हरवीर सिंह, सत्यप्रकाश आर्य, राकेश सैनी, लोकेश पटेल, राजपाल सिंह, विनय सिंह वर्षवाल, डा. श्याम सिंह वित्तेश, विवेक कुमार, बसंत यादव, सतेन्द्र यादव, दीपक कुमार, राजपाल सिंह, सहदेव सिंह, अतुल कुमार आदि रहे।

# मेला छड़ी जाहर दीवान की तैयारी, जोर-शोर से जारी

**गंज (चिंगारी)।** श्रावण मास में गंज में लगने वाले सदियों पुराने मेले छड़ी जाहर दीवान की तैयारियां जिला पंचायत द्वारा जोरों-शोरों से चल रही हैं। जिला पंचायत द्वारा मेला परिसर की सफाई करा दी गई है। वहीं मेले में दूर-दूर से आने वाले दुकानदार जगह सुनिश्चित कर अपनी दुकान लगाने व सजाने में लगे हैं। मेला परिसर में तरह-तरह के झूले व मौत का कुआं आदि खेल तमाशे भी लगने लगे हैं। वहीं जाहरवीर मंदिर के पुजारी मंदिर की सजावट में लगे हुए हैं। मेले में हो रही व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी विकास मिश्रा, इंजीनियर तिलकराज उपाध्याय, अपर अभियंता राजेश



कुमार यादव, सुभाष चंद्र एवं रोहित कुमार रांगरा, मेला परिसर पहुंचे। वहीं मेले में गंगा घाट पर श्रद्धालुओं के नहाने की व्यवस्था के लिए ट्यूबवैल आदि की व्यवस्था भी कराई गई है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुलभ शौचालय तथा पेयजल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जिला पंचायत अधिकारियों व जाहरवीर मंदिर के पुजारी के अनुसार इस वर्ष मेले में गत वर्षो से भी अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। अपर अभियंता राजेश कुमार यादव ने बताया कि मेले का उद्घाटन आज 19 अगस्त को जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह व बिजनौर नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह आदि के द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी जसजीत कौर एवं विशिष्ट अतिथि एसपी अभिषेक होंगे।

# एक करोड़ की धनराशि हुई स्वीकार
# अट्टे वाले मंदिर का होगा जीर्णोद्धार



## विधायक ओमकुमार के प्रयासों से मिली सफलता

**हल्दौर ( चिंगारी )।** यहां नूरपुर मार्ग पर प्राचीन अट्टे वाले बाबा का मंदिर स्थित है। वरिष्ठ भाजपा नेता व गन्ना समिति हल्दौर के नामित संचालक ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी के आग्रह पर विधायक ओम कुमार के अथक प्रयासों से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार एवं नवीन भवन के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की है, जिसका आज विधायक ओमकुमार द्वारा अपने कर कमलों द्वारा भूमि पूजन किया गया।

अट्टे वाले बाबा का मंदिर हल्दौर क्षेत्र का काफी प्रसिद्ध व प्राचीन मंदिर है। दूर-दूर तक बाबा के इस मंदिर की मान्यता है। ग्राम पंचायत फरीदपुर सधीरन के पूर्व प्रधान व वरिष्ठ भाजपा नेता, गन्ना समिति के नामित संचालक ठा.वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी काफी दिनों से मंदिर के जीर्णोद्धार और नवीन भवन निर्माण के लिए प्रयासरत थे और उनकी मेहनत रंग ले आई। उनके विशेष आग्रह पर क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार के अथक प्रयास से एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से मंदिर के जीर्णोद्धार और नवीन भवन के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा करीब एक करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। आज क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार द्वारा मंदिर पहुंचकर मंदिर में पूजा-अर्चना की और करीब एक करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कार्यों के लिए भूमि पूजन किया गया। हवन व भूमि पूजन पंडित परवेंदर शर्मा, सुधीर शर्मा, देव शर्मा द्वारा कराया गया। इस मौके पर विधायक ओम कुमार ने कहा कि प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ महाराज जी के द्वारा प्रदेश के धार्मिक स्थलों का लगातार जीर्णोद्धार व सौंदर्यकरण कराया जा रहा है ताकि मंदिरों पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुलभ सुख सुविधाएं प्रदान हों। उन्होंने ठाकुर वरुण प्रताप सिंह के प्रयासों की सराहना की।

भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ठाकुर वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी, गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, ग्राम प्रधान महेश कुमार, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन राकेश कुमार, विजयपाल सिंह चौहान, हल्दौर चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, हेमेंद्र सिंह, नरेश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, मंडल अध्यक्ष हल्दौर पीयूष चौहान, दर्पण रावल, अनिल चौहान, अजय गहलौत, विपिन कुमार, शिवम चौधरी, अशोक प्रधान, दीपक चौहान चानू, राजेंद्र चौहान, हेमंत चौहान, मनीष कुमार, उमेश चौहान, मोनू चौहान व अतुल चौधरी, दुष्यंत चौधरी, रेखा यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मंदिर में ये कार्य कराये जायेंगे

**ठाकुर वरुण प्रताप सिंह की मंदिर के जीर्णोद्धार, सौन्दर्यीकरण, नवीन भवन आदि के निर्माण कराने की मेहनत आखिर रंग ले आई। विधायक ओम कुमार के प्रयासों से मुख्यमंत्री द्वारा मंजूर की गयी करीब एक करोड़ रुपए की धनराशि से मंदिर परिसर में कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग निगम लिमिटेड द्वारा मल्टीपर्पस हॉल, टॉयलेट ब्लॉक, यात्री शेड, स्वागत द्वार, पेयजल व्यवस्था, लैंडस्केप लाइटिंग, बेंच डस्टबिन, फ्लोरिंग कार्य व सौंदर्यकरण आदि के कार्य कराए जाएंगे।**

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# कांग्रेस कार्यालय पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



**धामपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को मोहल्ला अफगानान स्थित नगर कांग्रेस कार्यालय पर देश का 80वां स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर देश की आन, बान और शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया। कार्यक्रम में डॉ. नदीम नज़ाकत खां नगर अध्यक्ष, वसीम रजा उपाध्यक्ष, मौलाना शेर अली, वसीम अब्बासी महासचिव, वामिक अंसारी,परवेज अंसारी, नईम खान, शहजाद खान, नसीम खान, हसीन इदरीसी, एपी वसीम अहमद, जावेद शम्सी आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कलश वंदन यात्रा का स्वागत



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज जी की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में समरसता अभियान के तहत जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर वाराणसी की पावन माटी युक्त कलश वंदन यात्रा का नूरपुर पहुंचने पर स्वागत किया। यात्रा का स्वागत हसुपुरा से बूढ़पुर, नूरपुर के मोहल्ला रविदासनगर, राहुनंगली, उसके पश्चात पीपला में यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, भाजपा नेता सी.पी.सिंह, ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. एम.पी.सिंह, जिला महामंत्री नरेश भाटी, जिला उपाध्यक्ष रवि चौधरी, कलश यात्रा संयोजक सुरेंद्र पाल, मंडल महामंत्री वीरप्रकाश सिंह भुईयार, नामित सभासद राजीव जोशी, भाजपा नेता जुगनु चौधरी, अंकित जोशी, मंडल उपाध्यक्ष प्रेमपाल रवि, गजेंद्र सैनी, हरेन्द्र जोहरी, ईशमपाल चौधरी, वसीम सैफी आदि उपस्थित रहे।

# वर्धमान कॉलेज में हुआ भव्य कार्यक्रम







**बिजनौर ( चिंगारी )। वर्धमान कॉलेज में 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना एवं एनसीसी अधिकारी कैप्टन जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। प्रोफेसर शशिप्रभा द्वारा शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश के संदेश का पाठ किया गया।**

प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता सेनानियों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया और स्वतंत्रता के महत्व पर बात करते हुए कहा कि स्वतंत्रता एक ऐसा बहुमूल्य आभूषण है, जिसे धारण करने के लिए व्यक्ति को निरंतर प्रयत्न करने तथा कर्तव्यपूर्ण आचरण रखने की जरूरत है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें देशभक्ति परक सामूहिक गायन, युगल गायन, एकल गायन, भाषण एवं कविता आदि पाठ के साथ लोकनृत्य एवं देशभक्ति पूर्ण गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन कार्यक्रमों में वेदांश शर्मा, मयंक कुमार, देव आर्या, मोहित कुमार, खुशी, चेतना, प्रिया शर्मा, इल्मा शरीफ आदि ने प्रतिभाग किया। डॉ. कविता सिरोही, जूलॉजी विभाग एवं डॉ. चारुदत्त आर्य, अर्थशास्त्र विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित किया गया। विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रोफेसर टी.एन. सूर्या द्वारा स्वतंत्रता के महत्व को परिभाषित करते हुए स्वतंत्रता और उच्छृंखलता के झीने अंतर को स्पष्ट किया गया। कला संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर एसके अग्रवाल ने स्वतंत्रता के साथ मानवता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओपी सिंह द्वारा किया गया।

# महिला अग्रवाल सभा ने आयोजित किया भव्य तीज मेला




**चांदपुर ( चिंगारी )।** महिला अग्रवाल सभा चाँदपुर के तत्वावधान में तीज पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य तीज मेले का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वंदना कनौजिया तीज क्वीन व रेखा अग्रवाल को तीज महारानी चुना गया। यहां हिन्दू इंटर कालेज में अग्रवाल महिला सभा की अध्यक्ष श्रीमती नीरू गुप्ता ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया।बाद में महिलाओ ने सामूहिक रूप से झंडा गान प्रस्तुत किया व छोटे बच्चों ने गणेश वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिव पार्वती विवाह का प्रसंग प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत करके देशभक्ति का संदेश दिया। 5 से 10 वर्ष के बच्चों ने बहुत सुंदर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न पात्रों का रूप बनाकर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी जिसमें देश की पहली नारी शिक्षिका सावित्रीबाई फुले बनकर प्रथम स्थान प्राप्त किया सुषमा स्वराज के रूप में द्वितीय और तीज से तिरंगे तक की प्रस्तुति करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। जज की भूमिका शिल्पा मित्तल सौम्या सिंघल और श्रुति मित्तल ने निभाई। बच्चों ने सुंदर-सुंदर वेशभूषा में सुभाष चंद्र बोस, भारतमाता आदि रूप में सबका मन मोह लिया। रूपाली अग्रवाल एवं नीलिमा त्यागी ने राधाकृष्ण का नृत्य प्रस्तुत किया। नारी सशक्तिकरण की मिसाल ज्योति अग्रवाल, अर्चिता बंसल, पूजा गोयल, मनी वैश्य, नेहा चौधरी, सुषमा अग्रवाल आदि ने हाथ से बनाई विभिन्न वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई। बाउंसी, झूले और ऊँट की सवारी के साथ विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का भी सभी महिलाओं और बच्चों ने लुत्फ उठाया। मनी वैश्य ने होममेड हेयर केयर और साबुन आदि का सामान लगाकर बेस्ट दुकान का पुरस्कार प्राप्त किया। संचालन कल्पना गोयल,रति गर्ग, नेहा व मनिका ने संयुक्त रूप से किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मंदिर की भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने की मांग




**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ग्राम सैदपुरा उर्फ नाईपुरा में स्थित चमुण्डा देवी एवं शिव मंदिर की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने तथा पूजा-अर्चना में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम सैदपुरा उर्फ नाईपुरा में पाल समाज व वाल्मीकि समाज के लगभग 200 परिवार निवास करते हैं। वर्ष 1984-1985 में समस्त ग्रामवासियों की सर्वसम्मति से ग्राम में माता चमुण्डा देवी एवं भगवान शिव जी का मंदिर स्थापित किया गया था। तब से निरंतर विधिवत पूजा-अर्चना चली आ रही है,परन्तु ग्राम के ही कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इसमें बाधा डाली जा रही है। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह, जिला उप प्रमुख मुकेश लांवा, डॉ. दिनेश, दीपक देशवाल, पुलकित त्यागी, राहुल त्यागी, पुष्पेंद्र कश्यप, प्रियांशु चौधरी, भूपेंद्र संदीप बिल्ला, आदि शिव सैनिक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी शामिल थे।

## जैन समाज ने निर्वाण लाडू समर्पित किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** आज प्रातः तीर्थंकर श्री पार्श्वनाथ स्वामी जी का मोक्ष कल्याणक जैन समाज द्वारा उत्साह पूर्वक धार्मिक विधि विधान से मनाया गया। इस अवसर पर श्री आदिनाथ दिगंबर पंचायती मंदिर में सर्वप्रथम श्री जी का जलाभिषेक किया गया। उसके पश्चात विश्व में शांति एवं कल्याण के लिए शांतिधारा संपन्न की गयी। नित्य पूजा के बाद श्री पार्श्वनाथ स्वामी की विशेष पूजा के बाद निर्वाण कांड का पाठ कर निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। पार्श्वनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक के बारे में जानकारी देते हुए अनिल जैन ने बताया कि आज से लगभग 3000 वर्ष पूर्व शाश्वत तीर्थराज सम्मेद शिखर जी के स्वर्णकूट भद्रकूट से अनेक मुनियों के साथ निर्वाण प्राप्त किया था। श्री पार्श्वनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक को मोक्ष सप्तमी मुकुट सप्तमी के नाम से पूजा जाता है।

## नहीं रहे मीर साहब



**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय सब्जी मंडी के पास कपड़े की दुकान करने वाले रफत अली उर्फ मीर साहब (65 वर्ष) का आज सुबह 5:00 बजे दिल्ली के एक अस्पताल में इंतकाल हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। रफत अली नगर के दोनों वर्गों में 'मीर साहब' के नाम से जाने जाते थे। आज दोपहर जोहर की नमाज के बाद उनके पैतृक कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द खाक किया गया। उनके निधन पर चेयरमैन अब्दुल मन्नान, सुधीर अग्रवाल, शाहिद अली खान, सतीश मेहरा, साइम राजा, हरीश मेहरा, संजय अग्रवाल, काजी तारीक अली, अशरफ जमील, मुदसिर जमा खान, क्रांति प्रकाश शर्मा, पत्रकार पी के चौहान, संजय अग्रवाल आदि ने शोक व्यक्त किया।

## अखिलेश यादव से मिले अकबर नबी



**नूरपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी आंदोलन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर नबी इदरीसी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव से लखनऊ स्थित कार्यालय पर मुलाकात की। इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए अकबर नबी इदरीसी ने इंडिया गठबंधन में शामिल होने के लिए बगैर शर्त समर्थन देने की बात की। उन्होंने कहा कि देश मे फैली साम्प्रदायिक ताकतों को हराने तथा भारत के संविधान को बचाने के लिए उत्तर प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जाए। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गठबंधन में शामिल करने व मिलजुल कर चुनाव लड़ने का भरोसा दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. फरहत इदरीसी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वसीम सिद्दीकी, सरदार धन भाग सिंह,सलीम इदरीसी आदि उपस्थित रहे।

## कर्णवाल दम्पत्ति ने कराया विशाल भंडारा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आधारशिला द स्कूल के प्रबंधक विवेक कर्णवाल व उनकी पत्नी श्रीमती एकता कर्णवाल की ओर से जाहरवीर मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पं दिनेश शर्मा द्वारा हवन पूजन कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान गौरव पांडे व उनकी पत्नी श्रुति शर्मा रही। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। विवेक कर्णवाल व उनकी पत्नी श्रीमती एकता कर्णवाल, सतीश शर्मा, जितेन्द्र शर्मा जीतू, सभासद ओमप्रकाश सैनी नांगे, निर्मल पांडे, अशोक कुमार शर्मा, मनोज चन्द्रा, अनिल शर्मा, अश्विनी जिंदल, प्रशांत जोशी, प्रदीप चौधरी,आशु गोयल आदि का सहयोग रहा।

## मान्यता प्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति का गठन, कल होगी बैठक

### उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आसिफ अंसारी समेत 5 सदस्य बने समिति सदस्य


आसिफ अंसारी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला प्रशासन ने जिले के मान्यता प्राप्त पत्रकारों की जिला स्तरीय पत्रकार स्थाई समिति का गठन कर दिया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बनने वाली इस समिति में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन (पंजीकृत) के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आसिफ अंसारी समेत 5 सदस्य बनाये गए है।

सहायक निदेशक सूचना आशुतोष चन्दोला के अनुसार शासन के निर्देशों के क्रम में जिला प्रशासन और पत्रकारों के बीच मधुर एवं सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा प्रेस की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी बिजनौर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति का गठन किया गया है।

समिति में आसिफ अंसारी, डॉ जमील अंसारी, शहजाद अंसारी, जहीर अहमद तथा विशेष आमंत्रित सदस्य जितेन्द्र सिंह (ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, बिजनौर) को सदस्य बनाया गया है। समिति की प्रथम बैठक 20 अगस्त गुरुवार को अपराह्न 12:30 बजे कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। समिति सदस्य आसिफ अंसारी ने बताया कि वह पत्रकारों व प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हुए पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होने पत्रकारों से आह्वान किया कि यदि किसी पत्रकार की कोई समस्या हो तो वह कल सुबह तक उन्हें व समिति के अन्य सदस्यों को अवगत करा दें।

# चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने दिशा कमेटी की मीटिंग में उठाई बिजली की समस्याएं

नजीबाबाद (चिंगारी)। बिजनौर में दिशा कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चन्द्र शेखर आज़ाद ने जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर व सभी अधिकारियों के साथ लोगों की समस्याएं सुनी। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने मीटिंग में नजीबाबाद से जुड़ी बिजली की समस्या रखी। चेयरमैन इंजीनियर




मुअज़्ज़म ने बिजली विभाग से बात करते हुए कहा कि नजीबाबाद सिटी भारत टॉकीज फीडर व साहनपुर फीडर का लोड कम किया जाए। बिजली विभाग ने दिसंबर महीने तक इन दोनों फीडर का लोड कम करने का वादा किया था। जिसमें सिटी फीडर, भारत टॉकीज फीडर, साहनपुर फीडर, चौगांवा फीडर रहेंगे। साथ ही पूरे जिले में जहां जहां- लोगों के घरों के ऊपर से 11 हजार पावर की केबल गुज़र रही है उसकी लिस्ट चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने मांगी है। उन्होंने कहा कि यह घरों के ऊपर से गुजरती 11 हजार की लाइन लोगों व उनके बच्चों के लिए जानलेवा है। इसके अलावा नजीबाबाद की अन्य समस्याओं के विषय में भी चर्चा हुई।

# हाईस्कूल व इंटर की टॉपर छात्राओं को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौ. अली जौहर गर्ल्स इन्टर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगाँठ पर आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजा रोहण, राष्ट्रगान एवं तिलावते कुरआन से किया गया। विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष खुर्शीद आलम एड0, भूतपूर्व अध्यक्ष अब्दुल वाहिद, विद्यालय के संरक्षक मौ. आदिल पूर्व जज, नायब सदर शाहिद हुसैन, प्रबंधक मोहम्मद यूनुस, नायब मैनेजर मौ. असलम, कोषाध्यक्ष मौ. अनवर, आबिद हुसैन ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विशेष अतिथि गण एड0 अनीसुर्रहमान, जुनैद आलम आदि उपस्थित रहे। साथ ही गत वर्ष 2025-2026 की विद्यालय की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की टॉपर कक्षा 12 की छात्रा कुलसुम, कक्षा 10 की छात्रा नबिया परवीन को विद्यालय की कमेटी के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति शर्मा ने किया। शिक्षिका श्रीमती शगुफ्ता, बुशरा रहमान, फरहा, रूबी, फौजिया, सबा, इकरा, रुकैया, शबाहत ने बच्चों के कार्यक्रम की प्रस्तुत किये। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छात्राओं को पेंटिंग प्रतियोगिता के सर्टिफिकेट दिये गये।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147(2)यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरताज फात्मा पत्नी श्री नसीम अहमद मौहल्ला रम्पुरा तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री अ0 सत्तार पुत्र श्री अ0 रज्जाक व श्रीमती उल्फत जहां पत्नी श्री जमीर अहमद व श्री अनीसुर्रहमान व दिलशाद अहमद पुत्रगण जमीर अहमद नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-616/237 मौहल्ला रम्पुरा नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

# स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में नन्हें मुन्नों ने दिया देश भक्ति का संदेश



नजीबाबाद (चिंगारी)। वालिया ग्लोबल एकेडमी में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नन्हें मुन्ने बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में देशभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबन्धक कमलकांत वालिया, श्रीमती इंदु वालिया, रमाकांत वालिया, श्रीमती रुचिका वालिया द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से किया गया। इस पावन अवसर पर कक्षा नौ से कक्षा 12वीं की छात्राओं ने पूरे अनुशासन जोश व आत्म विश्वास से शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत कर कदम से कदम मिलाकर मार्च करते हुए तिरंगे को सलामी दी। सांस्कृतिक उत्सवों में छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीतों तथा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति विविधता व अखंडता की सुन्दर झलक दिखाई। इस अवसर पर नन्हें मुन्ने अवधी अमायरा भूमिका, आयजा निखिल, प्रियांश, गुरुप्रीत, अक्षत, प्रीशा, समर्थ हसनगद मीशा, प्राची, शौर्य आदि ने, महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह रानी लक्ष्मीबाई, चन्द्रशेखर आजाद की वेशभूषा में आत्मविश्वास पूर्ण स्वतंत्रता सेनानियों के वीरों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने सभी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों पर चलने तथा एक जिम्मेदार व जागरुक नागरिक बनने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा माही व आरवी ने किया।

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। सन शाइन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाओं व बच्चों ने विद्यालय परिसर को फूलों व गुब्बारों से सजाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल तथा प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। प्रबंधक विनोद मित्तल ने ध्वजारोहण किया तथा सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान किया। मंच का संचालन कक्षा दस की छात्राएं कशिश व तानिया द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज कक्षा सात की छात्राओं श्वेता, नीलम व कंचन द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कक्षा नर्सरी के नन्हें-मुन्हें बच्चों काजल, प्रणवी, नमन आदि ने गाने पर नृत्य कर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा एल.के.जी व यू.के.जी के बच्चों विधि, ख्याति, बुलबुल, जुफ़रा, दीक्षि, प्रियांशी, दर्शित, उत्सव, आदिल आदि सभी ने इंडिया सॉंग पर नृत्य किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण नीलम, अनु, निधि, पिंकी, माधवी, काशिफा, वैशाली, रिया, हेमा, हुमैरा, तरु, तनु, अरीबा, आशु, साक्षी, प्रमोद, आयुष, मनीष, सुरेन्द्र, अर्जुन, योगेन्द्र आदि का योगदान रहा।



## इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां


नजीबाबाद (चिंगारी)। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया। संपूर्ण विद्यालय प्रांगण को तिरंगे झंडों व गुब्बारों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी व ध्वजारोहण के साथ की गई। जिसके बाद राष्ट्रगान के स्वर से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। मुख्य अतिथि चेयरमैन ओमप्रकाश राजपूत, प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत, उपप्रधानाचार्य आर्येंद्र कुमार मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश राजपूत ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें देशभक्ति का अनूठा जज्बा देखने को मिला।

## मूलचंद एकेडमी में बच्चों ने सुंदर परेड का आयोजन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। मूलचन्द एकेडमी स्कूल, कोटद्वार रोड पर स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में सुंदर परेड का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबन्धक अनिल चौहान एडवोकेट व प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह ने ध्वजारोहण किया। देश के महापुरुषों व शहीदों को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के नन्हे-नन्हे बच्चों मनस्वी, मिताली, वनिशा, मारिया, हम्माद अर्शु, रवनीत, गौरांगी, आयत, हरलीन, फातिमा, इलमा, अलिशा, ईशा, रिजा, जेना आदि छात्राओं की सुन्दर प्रस्तुति रही। प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह ने कहा कि हम भारतीय हैं, हमें अपने संस्कारों को बनाये रखना है। प्रबन्धक अनिल चौहान एडवोकेट ने बच्चों को सराहा व उनके उज्वल सुखद भविष्य की कामना की।

## एमडीकेवी की छात्राओं ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज में 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंधक नीरज जैन व कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर छात्राओं परी, सुनैना, रितिका, अंजली, कनिका, हेमा, दिव्यांशी, कुमकुम ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। शिक्षिकाएं व कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




# बिजनौर में निकली बाबा फुलसंदे वालो की दिव्य शोभायात्रा



बिजनौर ( चिंगारी )। एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के ऋषि सतपुरुष बाबा फुलसंदे वालो के जन्मोत्सव पर शहर बिजनौर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो रामलीला ग्राउंड से 10 बजे शुरू होकर सदर बाजार, सिविल लाइन होती हुई काकरान वाटिका में पहुंची, जिसमें कुमार कार्तिकेय, भारत माता, शिव पार्वती, सप्त ऋषि, यमराज जी की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में फुलसंदे वाले बाबा रथ में विराजमान थे। उनके अनुयायी रथ पे फूलों की वर्षा करते हुए भजन करते हुए 'एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा' मंत्र को जपते हुए चल रहे थे। सतपुरुष बाबा फुलसंदे वाले सभी शहरवासियों व भारत वर्ष के वास्ते प्रार्थना करके रथ में सवार हुये। सभी शहरवासियों को मंगल आशीर्वाद देते हुए बाबा ने कहा कि मेरे राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक आत्मा से तपस्वी शरीर से मजबूत सैनिक बने। देवपुत्र धर्मार्थ सेवा समिति के प्रयास से यह शोभायात्रा निकाली गई। कुंवर सेन ने कहा



कि 20 अगस्त को काकरान वाटिका में एक बजे से गुरुदेव का सत्संग होगा। मुख्य रूप से विधायक ओमकुमार, सुरेश पाल, धर्मेंद्र चौधरी, नरेंद्र चौधरी, अनिल वीर सिंह, देशराज चौधरी, शिवम सनातन, अजयवीर सिंह आदि शोभायात्रा में शामिल रहे।

# प्राथमिक विद्यालय बमनौली ने रचा नया कीर्तिमान

## नामांकन वृद्धि एवं स्वच्छता के साथ-साथ गुणवत्तापरक शिक्षा






**स्योहारा (चिंगारी)।** प्राथमिक विद्यालय बमनौली ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ एवं सुरक्षित विद्यालयी वातावरण तथा विद्यालय परिवार के निरंतर प्रयासों के बल पर नामांकन वृद्धि के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। गत दो वर्षों से लगातार यह विद्यालय शासन द्वारा निपुण घोषित किया गया है। इस विद्यालय के बच्चे प्रदेश स्तर पर विद्याज्ञान परीक्षा में चयनित हो चुके हैं। विद्यालय में वर्ष 2022-23 में कुल 82 विद्यार्थी नामांकित थे। विद्यालय परिवार के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप वर्ष 2023-24 में नामांकन बढ़कर 88 तथा वर्ष 2024-25 में 92 हो गया। प्रधानाध्यापक मोहम्मद शादाब रिमोज के अथक प्रयासों एवं विद्यालय स्टाफ की जागरूकता, मेहनत और समर्पण से विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता को निरंतर बेहतर किया गया। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि वर्ष 2025-26 में विद्यालय का नामांकन बढ़कर 142 विद्यार्थियों तक पहुंच गया।

विद्यालय में लगातार उच्च कोटि की शिक्षा, नवाचार आधारित शिक्षण जैसे आईसीटी, स्मार्ट टीवी, डीटीएच, दीक्षा ऐप निरन्तर प्रयोग द्वारा और बच्चों के प्रति सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण तथा स्वच्छ एवं सुंदर विद्यालय परिसर उपलब्ध कराने के प्रयासों का प्रभाव वर्तमान शैक्षिक सत्र में भी देखने को मिल रहा है। वर्ष 2026-27 में अब तक विद्यालय में 158 विद्यार्थी नामांकित हो चुके हैं तथा नवीन नामांकन की प्रक्रिया अभी भी जारी है।

लगभग चार वर्षों में विद्यालय के नामांकन में 76 विद्यार्थियों की वृद्धि हुई है, जो विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता, अनुशासन, स्वच्छ वातावरण और विद्यालय परिवार के समर्पित प्रयासों का स्पष्ट प्रमाण है।

प्रधानाध्यापक मोहम्मद शादाब रिमोज एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का लक्ष्य है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित, स्वच्छ एवं प्रेरणादायक वातावरण प्रदान किया जाए। विद्यालय की यह उपलब्धि क्षेत्र के अन्य विद्यालयों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करती है।




**शैक्षिक सत्र : कुल नामांकन**

| | |
|---|---|
| 2022-23 | : 82 |
| 2023-24 | : 88 |
| 2024-25 | : 92 |
| 2025-26 | : 142 |
| 2026-27 | : 158 |

**एवं नामांकन जारी**

# मुन्नी देवी मंदिर में चल रहा भण्डारा

## कांवरतियों की सेवा में पलक-पांवड़े बिछा देते हैं शिवभक्त

**धामपुर (चिंगारी)।** श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के प्रति श्रद्धा,आस्था और विश्वास के साथ देशभक्ति की भावना लेकर शिवभक्त कांवरतियों का हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर जाने का सिलसिला लगातार बना हुआ है। यह शिवभक्त जब धामपुर-स्योहारा मार्ग से गुजरते हैं तो स्योहारा मार्ग पर प्राचीन सिद्ध पीठ माता मुन्नी देवी मंदिर पर कैलाशपति महाविशाल भंडारे के श्रद्धालु उनकी सेवा में पलक पांवड़े बिछा देते हैं। आज प्रात: यहां से बरेली जनपद के ग्राम कचनारी के 22 शिव भक्तों का जत्था रवाना हुआ। जत्थे में गौरव भोले, महंत भोले, गया भोले, नरेश भोले, गिरजा भोले, विकास भोले, शिव भोले, जय संत भोले, पप्पू भोले, मुक्ता प्रसाद भोले, यशपाल भोले आदि शामिल रहे। यह शिवभक्त हरिद्वार से जल लेकर अब अपने गंतव्य को जा रहे हैं। इन्हीं के साथ एक भगवान भोलेनाथ की झांकी लिए हुए बरेली के शिव भक्त भी चल रहे हैं। समाजसेवी एवं भगवान भोलेनाथ के भक्त सतीश कुमार के संयोजन में लगे हुए इस विशाल भंडारे में कांवरतियों की सेवा के लिए भोजन, विश्राम, चिकित्सा, स्नान आदि की व्यवस्था की गई है। यह भंडारा 24 घंटे लगातार चलता रहता है। पिछले 15 वर्षों से यह संस्था शिव भक्तों की सेवा में लगी हुई है। इसी संस्था द्वारा प्राचीन सिद्ध पीठ माता मुन्नी देवी मंदिर में भंडारे के लिए एक कमरे का निर्माण कराया गया तथा कांवरतियों की सुविधा के लिए मेंन गेट पर टिन शेड का निर्माण भी कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी प्रतिदिन दो बार यहां पर आकर संस्था के पदाधिकारियों से व्यवस्था के संबंध में जानकारी हासिल करते हैं।





# मतदाता सूची में गड़बड़ी की जांच कराने की मांग

**नीन्दडू (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत नीन्दडू खास की जारी मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर डबल वोट व मृतक वोट सम्मिलित कर बड़ी धांधली का मामला प्रकाश में आने से प्रधान पद के भावी उम्मीदवारों में हड़कंप मच गया है। शिकायती पत्र उपजिलाधिकारी धामपुर को प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत नीन्दडू खास की मतदाता सूची की गहन जांच कराने व सूची में दर्ज सम्भावित सैकड़ों अवैध मतदाताओं के नाम सूची से काटे जाने की मांग की गई है। धामपुर तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत नीन्दडू खास की जारी मतदाता सूची में सम्बन्धित बीएलओ की घोर लापरवाही के चलते बड़ी संख्या में मृतक व एक से अधिक क्रमांक पर फर्जी व डबल मतदाताओं के नाम सम्मिलित पाए गए हैं, जिससे ग्राम पंचायत मतदान में फर्जी मतदान की आशंका चिन्ता का विषय बन गई है।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय सामाजिक कार्यकर्ता अरशद अली द्वारा ग्राम पंचायत नीन्दडू खास के एक ही वार्ड संख्या 15 की सूची का अवलोकन करने के उपरान्त प्रथम दृष्टया में भरपूर धांधली के प्रमाण पाए गए हैं। प्रमाण स्वरूप वार्ड संख्या 15 में ही 141 मतदाता क्रमांकों पर दर्ज एक ही नाम से अन्य डबल क्रमांकों पर भी दर्ज नामों को चिन्हित कर उपजिलाधिकारी धामपुर को सूची प्रस्तुत की गई है तथा जनहित में उन्हें सूची से काटे जाने की मांग की गई है। इस प्रकार ग्राम पंचायत नीन्दडू खास के सम्पूर्ण वार्डों की मतदाता सूची की गहनता से जांच उपरांत सैकड़ों अवैध मतदाताओं के नाम निरस्त होना सम्भावित है।



# ऐसे बाप पर धिक्कार, अपनी ही मासूम बेटियों को बनाता रहा हवस का शिकार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने अपनी ही मासूम बेटियों का लम्बे समय से यौन शोषण कर रहे कलयुगी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बेटियों द्वारा यौन शोषण की बात को किसी से कहने की बात करने पर कलयुगी पिता द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती थी।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ दिन पूर्व स्थानीय निवासी एक महिला द्वारा कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया था कि उसके पति द्वारा अपनी ही नाबालिग पुत्रियों का लंबे समय से यौन शोषण किया जा रहा है, साथ ही इसके संबंध में किसी को जानकारी देने अथवा पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने तथा घर से निकाल देने की धमकी दी जा रही थी। इस संबंध में पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए तफ्तीश आरंभ कर दी।



कोटद्वार पुलिस की गिरफ्त में मासूम बेटियों का यौन शोषण करने का आरोपी।

मामले की जांच के लिए गठित पुलिस टीम को प्रारंभिक जांच में पता चला कि पति-पत्नी के मध्य पारिवारिक विवाद चल रहा था। ऐसे में टीम ने पहले इस तथ्य की जांच की कि कहीं ये आरोप पारिवारिक विवाद के चलते तो नहीं लगाए गए हैं। इस तथ्य के निराधार साबित होने के बाद टीम ने पीड़ित मासूमों के बयान दर्ज करते हुए घटनाक्रम से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जांच करते हुए साक्ष्य जुटाए। साथ ही आरोपी से पूछताछ भी की। पहले तो आरोपी बहाने बनाता रहा, लेकिन पीड़ित मासूमों के बयानों व पुलिस द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों को प्रस्तुत करने के बाद आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया। इस पर पुलिस ने आरोपी पिता अनूप चंद्र को गिरफ्तार करने के साथ ही न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

## लगातार बारिश से नदी नालों में आया उफान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में सोमवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने आम जन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश के कारण जहां एक ओर सभी नदी नाले उफान पर रहे, वहीं कोटद्वार-दुगड्डा मोटर मार्ग पर कई जगह पहाड़ी से बोल्डर और मलवा आ गया, जिस कारण मंगलवार तड़के से इस मोटर मार्ग पर यातायात बंद रहा। मलवा आने से दोनों तरफ से गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। मार्ग बंद होने की सूचना पर दुगड्डा चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और संबंधित विभागों की मदद से मार्ग को खोलने के प्रयास आरंभ कर दिए। मलवा और बोल्डर हटाकर दिन के लगभग ग्यारह बजे मोटर मार्ग को यातायात के लिए खोल दिया गया। मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा यात्रियों से मौसम और मार्ग की स्थित पता कर ही यात्रा आरंभ करने की अपील की जा रही है।

## परम्परागत रूप से मनाया गया घी संक्रांति का पर्व

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के प्रमुख लोकपर्वों में शामिल घी संक्रांति (घ्यू त्यार) ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाई गई। कृषि, पशुधन एवं पर्यावरण से जुड़ा यह लोकपर्व उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपराओं और पहाड़ी जीवनशैली का प्रतीक माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा के अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी ने घी संक्रांति के अवसर पर कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और विरासत में अनेक ऐसे लोकपर्व हैं, जिनका प्रकृति एवं ग्रामीण जीवन से गहरा संबंध रहा है। घी संक्रांति भी इन्हीं महत्वपूर्ण लोकपर्वों में से एक है। कुमाऊं मंडल में इसे 'घी त्यार' तथा गढ़वाल मंडल में 'घी संक्रांति' के नाम से जाना जाता है। डॉ. नेगी ने कहा कि विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में यह पर्व कृषि, पशुपालन और प्रकृति के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इस दिन लोग पूजा-पाठ कर अच्छी फसल, पशुधन की समृद्धि एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। घरों में घी से बने विभिन्न पारंपरिक पकवान तैयार किए जाते हैं तथा परिवार और समाज के साथ मिलकर पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं।



डॉ. राजे नेगी

## खाली प्लाटों को कूड़ाघर बनाने से बचायें, उनकी चाहरदिवारी करायें

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत उमरावनगर की जनकल्याण विकास समिति ने भू स्वामियों से अपने खाली पड़े प्लाटों पर चहार दीवारी करवाने की अपील की है। कहा कि खाली प्लाट गंदगी का अड्डा बनते जा रहे है, साथ ही खाली प्लाटों में झाड़ियां उगने से जंगली जानवरों के छिपने की संभावना बनती जा रही है, जोकि क्षेत्र के लोगों के लिए खतरा बनता जा रहा है। समिति के अनिल कुमार नेगी, पंकज नेगी, एनपी जोशी ने बताया कि वर्तमान में उमरावनगर में खाली प्लाटों की चहार दीवारी न होने के कारण लोग उन प्लाटों में कूड़ा करकट फेंक रहे है, जिसके कारण चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कहा कि अधिकांश प्लाटों में घनी झाड़ियां भी उग गई है, जिससे सांप, बिच्छू सहित जंगली जानवरों का खतरा बढ़ रहा है। मौके पर उन्होंने सभी भू स्वामियों से प्लाटों में चहार दीवारी करवाने का आग्रह किया।



## लगातार वर्षा से सड़क पर मलवा आया कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग को बंद कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लगातार हो रही बारिश के कारण कोटद्वार से दुगड्डा, लैंसडाउन एवं पौड़ी मार्ग पर दुर्गा देवी मन्दिर के निकट मलवा आने के कारण यातायात बाधित हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले सभी वाहनों को सिद्धबली बैरियर पर रोका गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस को तैनात किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जब तक मार्ग नहीं खुल जाता, यात्रा करने से बचें। सोमवार रात से पर्वतीय क्षेत्र में हो रही वर्षा के कारण कोटद्वार दुगड्डा के बीच कई जगह राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलवा आने के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है।

## वन कर्मचारियों ने की पदोन्नति की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मंगलवार को उत्तराखंड वन विकास निगम कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजमोहन कन्याल के नेतृत्व में पदोन्नति की मांग को लेकर स्थानीय विधायक ऋतुभूषण खंडूड़ी से उनके निंबूचौड़ स्थित आवास में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को अवगत कराया कि कर्मचारियों की पदोन्नति न होने के कारण निगम में कई वरिष्ठ अधिकारियों के पद रिक्त चल रहे हैं। इस कारण निगम के कार्य भी बाधित हो रहे हैं, साथ ही कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। इस पर मांग का संज्ञान लेकर प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ने निगम की प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर वार्ता की और कर्मचारियों की इस समस्या का समाधान निकालने के लिए निर्देशित किया, जिस पर प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष का आभार जताया। प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय संगठन मंत्री हरीश नौडियाल, प्रभागीय अध्यक्ष नेहा बड़थ्वाल, अनीता रावत, ललिता नेगी, रुपेश कुमार और सचिन डिमरी आदि कर्मचारी शामिल रहे।

## बिजली का तार टूटने से करंट की चपेट में आकर मां-बेटी की मृत्यु पर डॉ. प्रेमचंद ने जताया शोक

### घटना के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विधानसभा के खदरी ग्राम सभा निवासी हरपाल सिंह की पत्नी श्रीमती सुमन एवं उनकी दो वर्षीय पुत्री की बिजली का तार टूटने से करंट की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मृत्यु पर ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने गहरा दुख व्यक्त किया। डॉ. अग्रवाल ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर मृतका के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। डॉ. अग्रवाल ने विद्युत विभाग के डायरेक्टर पीपी ध्यानी से दूरभाष पर वार्ता कर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा उपलब्ध कराने तथा पूरे क्षेत्र में विद्युत लाइनों एवं व्यवस्थाओं का व्यापक ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए। कुछ ही दिनों के अंतराल में क्षेत्र में बिजली से जुड़ी इस प्रकार की लगातार दो घटनाएं होना अत्यंत गंभीर विषय है। यह विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही की ओर संकेत करता है। उन्होंने कहा कि विद्युत लाइनों और उपकरणों की नियमित जांच एवं मरम्मत में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्युत विभाग यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। दोषियों के खिलाफ जांच के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी और पूरे क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था की सुरक्षा जांच कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जाएंगे। डॉ. अग्रवाल ने दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।



शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए डॉ. प्रेमचन्द्र।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मंडावर रोड पर आया मालन नदी का पानी, आवागमन प्रभावित



**बिजनौर ( चिंगारी )।** लगातार हो रही बारिश के चलते मालन नदी का जलस्तर बढ़ गया है। मालन नदी पुल पर पानी रोड तक पहुंचने से सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई है। पानी सड़क के ऊपर आने से राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश जारी रहने पर जलस्तर और बढ़ सकता है। ऐसे में प्रशासन से मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था करने और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है।









